Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 82 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, बुधवार 11 सितंबर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



दया धर्म की रक्षा करना ही मानवता की रक्षा करना है।

To safe guard virtue of compassion is to ensure safety of humanity.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### दामिनी एप्प आकाशीय बिजली से करेगा अलर्ट

**रायपुर (विसं)।** आकाशीय बिजली घटित होने के कारण जन एवं पशु हानि की घटनाओं से निपटने हेतु भारत सरकार द्वारा दामिनी एप्प विकसित किया गया है। इस मोबाइल एप्प से आकाशीय बिजली घटित होने की पूर्वानुमान (20 से 31 किमी का दायरा), आवश्यक तैयारी एवं उपाय की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। आकाशीय बिजली घटित होने के कारण जन एवं पशु हानि की घटनाओं से निपटने हेतु भारत सरकार द्वारा दामिनी एप्प विकसित किया गया है। इस मोबाइल एप्प से आकाशीय बिजली घटित होने की पूर्वानुमान (20 से 31 किमी का दायरा), आवश्यक तैयारी एवं उपाय की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### अत्यंत जर्जर हो चुके 44 आंगनबाड़ी भवनों को डिस्मेंटल करने अनुमति प्रदान

**रायपुर (आरएनएस)।** गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के ऐसे जर्जर हो चुके आंगनबाड़ी भवन जो मरम्मत योग्य नही है, को डिस्मेंटल कराने के लिए राज्य शासन द्वारा निर्देश दिए गए है, ताकि जर्जर हो चुके शाला भवनों से किसी तरह की अप्रिय घटना एवं जानमान की क्षति होने से बचा जा सके। एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना मरवाही के प्रस्ताव पर मरवाही विकासखंड के अंतर्गत अत्यंत जर्जर हो चुके 44 आंगनबाड़ी भवनों को डिस्मेंटल करने न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी मरवाही द्वारा अनुमति प्रदान की गई है।

## देश के वैज्ञानिक समुदाय को यह भरोसा होना चाहिए कि अनुसंधान के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी : प्रधानमंत्री मोदी

### प्रधानमंत्री ने अनुसंधान नेशनल रीसर्च फाउंडेशन के शासी निकाय की पहली बैठक की अध्यक्षता की



**नई दिल्ली ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर अनुसंधान नेशनल रीसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) के शासी बोर्ड की पहली बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में भारत के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिदृश्य तथा अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों को फिर से तैयार करने पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि आज अनुसंधान नेशनल रीसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) की शासी निकाय की पहली बैठक के साथ एक नई शुरुआत हुई है। प्रधानमंत्री ने देश के अनुसंधान परितंत्र में बाधाओं की पहचान करने और उन्हें दूर करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, उन्हें हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करने और पथ-प्रदर्शक अनुसंधान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अनुसंधान को मौजूदा समस्याओं के नए समाधान खोजने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समस्याएं वैश्विक प्रकृति की हो सकती हैं, लेकिन उनका समाधान भारतीय जरूरतों के हिसाब से स्थानीय होना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने संस्थानों के उन्नयन और मानकीकरण की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने विशेषज्ञता के आधार पर विषय विशेषज्ञों की सूची तैयार करने का सुझाव दिया। उन्होंने एक डैशबोर्ड विकसित करने की भी बात की, जहां देश में हो रहे शोध और विकास से जुड़ी जानकारी का आसानी से पता लगाया जा सके। प्रधानमंत्री ने अनुसंधान और नवाचार के लिए संसाधनों के उपयोग की वैज्ञानिक निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया। इसे महत्वाकांक्षी शुरुआत बताते हुए उन्होंने कहा कि देश के वैज्ञानिक समुदाय को यह भरोसा होना चाहिए कि उनके अनुसंधान कार्यों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। अटल टिंकरिंग प्रयोगशालाओं के सकारात्मक प्रभावों पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि इन प्रयोगशालाओं की ग्रेडिंग की जा सकती है। उन्होंने पर्यावरण परिवर्तन के लिए नए समाधान, ईवी के लिए बैटरी सामग्री, प्रयोगशाला में उत्पन्न किए गए हीरे आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान पर भी चर्चा की। बैठक के दौरान, अनुसंधान नेशनल रीसर्च फाउंडेशन के शासी निकाय ने अनुसंधान में प्रारंभिक अवस्था वाले विश्वविद्यालयों को मेंटरशिप मोड में शीर्ष स्तरीय स्थापित संस्थानों के साथ जोड़कर हब और स्पोक मोड में एक कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया गया।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सैकड़ों तीर्थयात्रियों को दिखाई हरी झंडी



**रायपुर ( आरएनएस )।** राजधानी से लगे धरसींवा मंडल के करीब 600 भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को अयोध्या, बनारस, चित्रकूट, प्रयागराज व मैहर तीर्थ यात्रा के लिए सीएम विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. करीब 12 एसी बसों और 7 इनोवा कारों से सभी भाजपाई सात दिवसीय प्रवास के लिए नितिन अग्रवाल के नेतृत्व में रवाना हुए।

राजधानी के विधानसभा के करीब शीतलबाड़ी से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा, श्याम नारंग, अनिल अग्रवाल, आरंग विधायक गुरु खुशवंत समेत बीजेपी नेताओं ने बसों को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सभी लोग तीर्थ यात्रा में जा रहे हैं. आप सभी लोगों को प्रणाम है. लोकसभा और विधानसभा चुनाव में धरसीवां के कार्यकर्ताओं ने ऐतिहासिक जीत दिलाने का काम किया सभी कार्यकर्ताओं का हार्दिक अभिनंदन है. तीर्थ यात्रा की शुरुआत डॉ. रमन सिंह ने की थी. लाखों लोगों ने उस समय तीर्थ यात्रा किए.रामलीला दर्शन योजना के नाम से आगे बढ़ाने का काम हम लोग कर रहे हैं. सभी यात्रियों को शुभकामनाएं और बधाई सभी देवभूमि में जाकर छत्तीसगढ़ में सुख, शांति और समृद्धि आए इसकी सभी लोगों को कामना करना है. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं दी।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक साथ 10 'वंदे भारत' को दिखाएंगे हरी झंडी, छत्तीसगढ़ के लिए खास सौगात



**रायपुर/नईदिल्ली ( आरएनएस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को झारखंड के जमशेदपुर से देश के अलग-अलग राज्यों के लिए 10 वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। पीएम मोदी पहली बार एक साथ 10 वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। ये 10 वंदे भारत ट्रेनें देशभर के अलग-अलग रेलवे स्टेशन से चलाई जाएंगी। छत्तीसगढ़ में नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का इंतजार कर रहे लोगों के लिए भी बड़ी खुशखबरी सामने आई. पीएम नरेंद्र मोदी विशाखापट्नम के बीच वंदे भारत ट्रेन भी शामिल हैं.

**सबसे ज्यादा बिहार से होकर गुजरेंगे वंदे भारत ट्रेनें :** इनमें से जो 10 वंदे भारत ट्रेन 15 सितंबर से चलाई जाएंगी, उनमें से सबसे ज्यादा बिहार से होकर वंदे भारत ट्रेन गुजरेंगी। सभी 10 वंदे भारत ट्रेनों के रूटों की जानकारी भी सामने आ गई है।

**सभी ट्रेनों का ये है रूट :** टाटानगर-पटना, वाराणसी-देवघर, टाटानगर-ब्रह्मपुर, रांची-गोड्डा, आगरा-बनारस, हावड़ा-गया, हावड़ा-भागलपुर, दुर्ग-वीएसकेपी, हुबली-सिकंदराबाद, पुणे-नागपुर।

**जानिए किन राज्यों से होकर गुजरेंगी वंदे भारत ट्रेनें ? :** रेलवे बोर्ड के आदेश के अनुसार, देशभर के जिन राज्यों को ये वंदे भारत ट्रेन मिली हैं। वो झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश है।

## केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने I4C के प्रथम स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर साइबर अपराध की रोकथाम के लिए प्रमुख पहलों का किया शुभारंभ



**नई दिल्ली ( विश्व परिवार )।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में I4C के प्रथम स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया और साइबर अपराध की रोकथाम के लिए प्रमुख पहलों का शुभारंभ किया। गृह मंत्री ने साइबर धोखाधड़ी न्यूनीकरण केंद्र (CFMC) राष्ट्र को समर्पित किया और समन्वय प्लेटफॉर्म (संयुक्त साइबर अपराध जांच सुविधा प्रणाली) का शुभारंभ किया। श्री अमित शाह ने Cyber Commandos कार्यक्रम और Suspect Registry का भी उद्घाटन किया। साथ ही गृह मंत्री ने I4C के नए लोगो, विजन और मिशन का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री बंडी संजय कुमार, केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन, निदेशक आईबी, विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा), विभिन्न राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक/ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, अनेक सरकारी संगठनों के अधिकारी, विभिन्न बैंकों/ वित्तीय मध्यस्थों, फिनटेक, मीडिया, साइबर कमांडो, NCC और NSS कैडेट शामिल होंगे।

अपने संबोधन में गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की पहल पर Safe Cyber Space अभियान के तहत 2015 में I4C की स्थापना हुई थी, तब से यह लगातार एक साइबर सुरक्षित भारत का मजबूत स्तंभ बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 2015 से 2024 की 9 साल की यात्रा में ये विचार एक इनीशिएटिव और फिर एक इंस्टीट्यूशन में परिवर्तित हुआ है।

## अमेरिका में बोले राहुल गांधी, मुझे नहीं लगता निष्पक्ष चुनाव में बीजेपी 246 सीटों के आसपास पहुंच पाती



**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका के दौरे पर हैं। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। इस दौरान वो आरएसएस पर भी हमलावर रहे। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, चुनाव से तीन महीने पहले हमारे सभी बैंक खाते सील कर दिए गए थे हम इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि अब क्या करना है। मैंने कहा 'देखेंगे', देखते हैं हम क्या कर सकते हैं.. और हम चुनाव में उतर गए।

राहुल गांधी ने कहा, चुनावों के बाद कुछ तो बदल गया है। कुछ लोगों ने कहा कि 'डर नहीं लगता अब, डर निकल गया अब'। मेरे लिए यह दिलचस्प है कि भाजपा और पीएम मोदी ने इतना डर फैलाया, छोटे कारोबारियों पर एजेंसियों का दबाव बनाया, सब कुछ सेकंड में गायब हो गया। उन्हें यह डर फैलाने में वर्षों लग गए और वे कुछ ही सेकंड में गायब हो गया। संसद में, मैं प्रधानमंत्री को सामने देखता हूं और मैं आपको बता सकता हूं कि पीएम मोदी का विचार, 56 इंच का सीना, ईश्वर से सीधा संबंध, यह सब अब खत्म हो गया है, यह सब अब इतिहास है। आरएसएस का कहना है कि कुछ राज्य अन्य राज्यों से कमतर हैं, कुछ भाषाएं दूसरी भाषाओं से पीछे हैं, कुछ धर्म दूसरे धर्मों के बराबर नहीं हैं, और कुछ समुदाय दूसरे समुदायों से कमतर हैं।

## महिला सुरक्षा को लेकर महिला कांग्रेस ने मुख्यमंत्री निवास का किया घेराव, पीड़िता बनकर पहुंचीं महिलाएं

**पुलिस और कांग्रेसियों के बीच जमकर धक्कामुक्की और झूमाझटकी हुई**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमिटी इन दिनों फुल फार्म है। कांग्रेस पार्टी द्वारा लगातार विभिन्न विशियों पर बता धरना प्रदर्शन कर राज्य सरकार पर दबाव बना रही है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में रेप और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध को लेकर महिला कांग्रेस ने विगत मंगलवार को प्रदर्शन किया। प्रदेश में कांग्रेस अलग-अलग मुद्दों को लेकर सरकार को घेर रही है। पिछले दिनों छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस एनएसयूआई के बाद अब प्रदेश स्तर पर महिला कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया गया है। महिला सुरक्षा को लेकर महिला कांग्रेस ने मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया। इस दौरान पुलिस ने कांग्रेस नेत्रियों को बैरिकेड्स लगाकर रोका। इस पर पुलिस और कांग्रेसियों के बीच जमकर धक्कामुक्की और झूमाझटकी भी देखी गई।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलो देवी नेताम सहित बड़ी संख्या में महिलाये मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने निकलीं, जिन्हें पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया। यह प्रदर्शन पुराने कांग्रेस भवन के सामने किया गया.जहाँ से बड़ी संख्या में महलाओं ने सीएम हाउस घेराव करने के लिए कूच किया।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, महिला सुरक्षा को लेकर कांग्रेस सड़क से सदन तक लड़ रही है। प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ लगातार अपराध हो रहे हैं और राज्य सरकार अपराधियों को बचाने में लगी हुई है। वहीं पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि, लाल साड़ी पहनकर मां दुर्गा के रूप में महिलाएं आई हैं। इस 8 माह की सरकार ने माता, बहनों की जिंदगी बर्बाद कर दी है। यह सरकार कहां से चल रही समझ नहीं आता है। राज्यपाल को जिलों में जाकर बैठकें करनी पड़ रही है। महिलाएं कहीं सुरक्षित नहीं है, घर से निकलने में डर रही हैं। कांग्रेस का कार्यकर्ता महिला सुरक्षा पर मजबूती से खड़ा है। उन्होंने आगे कहा कि, इस नौ महीने की सरकार में माता और बहनों की जिंदगी बर्बाद कर दी है। आपको यदि जनता ने चुना है तो माता बहनों का सम्मान होना चाहिए। यह सरकार कहां से चल रही, यह दिल्ली से चल रही है, नागपुर से चल रही है। लेकिन सरकार कोई जवाब नहीं देती है। आपको बहुत शौक है न लाठी मारने का, स्नढ्ढक्र करने का, आप तैयारी कर लो, 5 साल में आप थक जाएंगे स्नढ्ढक्र लिखते-लिखते, लाठी मारते-मारते।

## साइबर ठगों की आई शामत, अब गृह मंत्रालय तैयार करेगा साइबर कमांडो



**नई दिल्ली/रायपुर ( आरएनएस )।** केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह मंगलवार को साइबर सुरक्षा से जुड़े हुए चार कार्यक्रमों का उद्घाटन करेंगे. इनमें से एक है 'साइबर कमांडो' प्रोग्राम गृह मंत्रालय एक साल से ज्यादा से इस कार्यक्रम पर काम कर रहा था. एनडीए सरकार के तीसरी बार सत्ता में आने के बाद मंत्रालय ने इसे अपने 100-दिवसीय एजेंडा में भी शामिल किया था. अब मंत्रालय 100 दिन पूरे होने से पहले ही इसका उद्घाटन कर रहा है.

क्या है नया साइबर कमांडो प्रोग्राम, कैसे हुई शुरुआत ?

गृह मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार 'साइबर कमांडो प्रोग्राम' के तहत देश में साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और केंद्रीय पुलिस बलों में साइबर कमांडो स्पेशल विंग तैयार किए जाएंगे. डिजिटल स्पेस को सुरक्षित बनाने में पुलिस की मदद करना इन साइबर सैनिकों का काम होगा.

साइबर कमांडो कार्यक्रम का जिक्र सबसे पहले जनवरी 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुंह से सुनने को मिला था. पीएम मोदी ने डीजीपी/आईजीपी की बैठक में कहा था कि इस तरह के एक यूनिट का गठन होना चाहिए. इसके बाद गृह मंत्रालय ने अक्तूबर 2023 में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 10 'साइबर कमांडो' चुनने के लिए कहा था. इसके अनुसार पहले बैच में देशभर से करीब 350 साइबर कमांडो ट्रेन किए जाएंगे.

## छत्तीसगढ़ में पदस्थ 11 आईएएस अफसरों के प्रभारों में फेरबदल

### प्रतिनियुक्ति से लौटे आईएएस रजत कुमार को सचिव वाणिज्य-उद्योग विभाग की मिली जिम्मेदारी




**रायपुर ( आरएनएस )।** राज्य में पदस्थ 11 आईएएस अफसरों के प्रभार में फेरबदल किया गया है। वहीं केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटेने आईएएस अफसर रजत कुमार को सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव वाणिज्य एवं उद्योग रेल परियोजनाएं विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा दिया गया है।

सामान्य प्रशासन से जारी आदेशानुसार श्रीमती ऋचा शर्मा अपर मुख्य सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ ही साथ अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी तरह अंकित आनंद सचिव वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को सचिव योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग एवं सचिव बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग एवं आवास एवं पर्यावरण विभाग के साथ अध्यक्ष छग पर्यावरण संरक्षण मंडल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। बसवराजू एस, सचिव विमानन विभाग का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से पी. दयानंद सचिव मुख्यमंत्री, सचिव खनिज साधन विभाग, जनसंपर्क विभाग, अध्यक्ष छग स्टेट पावर कंपनी, सचिव वाणिज्य एवं उद्योग रेल परियोजनाएं सचिव केवल विमानन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। श्रीम सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी छग राज्य ग्रामीण विकास अभिकरण को अस्थायी रूप से सचिव पंचायण एवं ग्रामीण विकास विभाग में पदस्थ किया गया है, उनके अतिरिक्त प्रभार यथावत रहेगा। राजेश सिंह राणा सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्रेडा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी छग राज्य कौशल विकास अधिकरण को अस्थयी रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्रेडा के पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं मुख्य कर्यपालन अधिकारी छग राज्य कौशल विकास अधिकरण का अतिरक्त प्रभार दिया गया है। भूरे सर्वेश्वर नरेन्द्र मिशन संचालक जल जीवन मिशन का कार्यपालन ग्रहण करने के दिनांक से सुनील कुमार जैन संचालक भौमिकी तथा खनिकर्म तथाि अतिरिक्त प्रभार विशेष सचिव खनिज विभाग, ऊर्जा विभाग, मिशन संचालक, जल जीवन मिशन, प्रबंधक संचालक छग राज्य खनिज विकास निगम केवल मिशन संचालक जल जीवन मिशन के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। जितेंद्र कुमार शुक्ला प्रबंध संचालक छग पर्यटन मंडल तथा अतिरिक्त प्रभार संचालक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण को अस्थायी रूप से संचालक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के पद पर पदस्थ किया गया है। प्रभात मलिक मुख्य कार्यपालन अधिकारी छग इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी चिप्स तथा अतिरिक्त प्रभार संयुक्त सचिव सुशासन एवं अभिसरण विभाग, संयुक्त सचिव इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को संचालक उद्योग विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विवेक आचार्य संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग को प्रबंधक संचालक छग पर्यटन मंडल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विश्वेश कुमार मुख्य वन संरक्षक को वन विभाग के प्रतिनियुक्ति से वापस लेकर प्रबंधक संचालक छग राज्य औद्योगिकी विकास निगम के पद पर पदस्थ किया गया है।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले में सुबह बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण, प्रभावित परिवारों से मिल स्थिति की ली जानकारी

- उपमुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को राहत कार्य के लिए लगातार मुस्तैद रहने और जिले में बारिश की स्थिति पर सतत निगरानी रखने के दिए निर्देश
- बाढ़ से प्रभावित सभी परिवारों को राहत पहुंचाने और सुरक्षा के लिए विष्णुदेव सरकार की है शीर्ष प्राथमिकता- विजय शर्मा



**उपमुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का सर्वे कर जल्द ही क्षति आकलन कर उचित मुआवजा और राहत प्रदान करने के दिए निर्देश**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा को सुबह ग्रामीणों का फोन कॉल आया कि सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम खोलवा और सिघंनपुरी क्षेत्र में लगातार बारिश होने से बाढ़ जैसी स्थिति आ गई है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने जानकारी मिलते ही कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के साथ सुबह ही ग्राम खोलवा और सिघंनपुरी पहुंचकर बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र में जाकर लोगों का हालचाल जाना और उनकी समस्याओं को सुना। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने राहत एवं बचाव कार्य तेजी से संचालित करने के निर्देश कलेक्टर को दिए।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने ग्रामीणजनों का कुशल क्षेम जाना और उनसे उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने लोगों की कठिनाइयों को समझते हुए भरोसा दिलाया कि सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित सभी परिवारों को राहत पहुंचाने और सुरक्षा के लिए विष्णुदेव सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। उपमुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का सर्वे करने के निर्देश दिए और कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार प्रभावित लोगों की मदद के लिए तत्पर है। जल्द ही क्षति का आकलन कर उचित मुआवजा और राहत प्रदान की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे जल्द से जल्द सर्वेक्षण पूरा करें ताकि लोगों को राहत कार्यों का लाभ मिल सके।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों की सहायता सरकार की प्राथमिकता है और इस आपदा की घड़ी में हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री की तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से सर्वेक्षण कार्य करें और आवश्यक राहत सामग्री की तुरंत आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी प्रभावित परिवारों तक मदद पहुंचाने के लिए सटीक योजना बनाएं।

# मनरेगा से बिरसिया के सपने संवरने लगे

## कुंआ बनने से सिंचाई की समस्या हुई दूर, अब पूरे खेतों में लहलहाती है फसल



**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** जिले के कोटा ब्लॉक के आदिवासी क्षेत्र ग्राम पंचायत चुरेली में मनरेगा से बने कुएं ने एक गरीब किसान परिवार की जिंदगी सवार दी है। हितग्राही श्रीमती बिरसिया के सपने अब साकार होने लगे। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी के समय धानों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिलने से सभी खेतों में फसल की पैदावार की जा रही है। जिससे खेती कार्यो से अच्छा मुनाफा मिल रहा है और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। सरकार द्वारा मनरेगा योजना से दी जा रही सहायता उनके और परिवार के लिए काफी मददगार साबित हुई है। श्रीमती बिरसिया ने बताया कि उनके पास लगभग 2.5 एकड़ की उपजाउ भूमि है, लेकिन पानी एवं सिंचाई की पर्याप्त उपलब्धता न होने के कारण 1 से 1.15 एकड़ भूमि में ही फसल उगा पाते थे। उन्हें बहुत चिंता होती थी कि उनके आधे खेतों में फसल नहीं लग पाती थी। उन्होंने बताया कि ग्राम रोजगार सहायक के माध्यम से उन्हें कुंआ निर्माण करा लेने का सुझाव मिला जिससे उन्हे हर मौसम में पानी की समस्या का समाधान मिल सकता था। बिरसिया बाई ने देर न करते हुये सुझाव को समझा और कुंआ निर्माण हेतु आवेदन कर दिया। पंचायत प्रस्ताव के माध्यम से मनरेगा योजना से कुंआ स्वीकृत हो गया। 387 मानव दिवस कार्य से कुंआ खुदाई का कार्य पूर्ण हुआ। कुंआ बनने के कुछ समय बाद ही कुंआ में जल भराव होना प्रारंभ हो गया। कुंआ निर्माण से बारह महीने पानी की समस्या का समाधान हो गया जहां 1 से 1.5 एकड़ में ही फसल ले पाने थे। अब पूरे 2 एकड़ में फसल ले पाते है और दो फसल भी लगाते है। अब उन्हें बारिश पर निर्भर नहीं होना पड़ता। इस कुंआ से आसपास के लगभग 8 से 10 परिवार पीने का पानी के लिये भी कुंआ का उपयोग करते है। कुंआ के पानी से घर में ही अपनी बाड़ी बनाई है। जिससे घर परिवार के लिय सब्जियां मिल जाती है। और फसल की पैदावार बढ़ने से आमदनी में भी बढ़ोत्तरी हुई है। घर की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा प्रदान की जा रही मनरेगा योजना के लाभ से मेरे परिवार के जीवन के सुधार आ सका। मैं जब भी कुंए में भरे पानी को देखती हूं तो मुझे खुशी होती है कि मेरी खाली पड़ी भूमि में इसकी वजह से फसल लहलहा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### एल्युमिनियम प्लांट में विस्फोट तीन मजूदरों की मौत

**अंबिकापुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में बड़ा हादसा हो गया। सिलसिला गांव के एल्युमिनियम प्लांट में जोरदार धमाका हो गया। घटना में तीन मजदूरों की जान चली गयी। मां कुदरगढ़ी एल्युमिनियम प्लांट का बॉयलर फटने से ये घटना घटी है। अभी भी मलबे में कई मजदूरों के मलबे में दबने होने की खबर है। हादसे के बाद पूरे प्लांट में अफरा-तफरी मच गई। रेस्क्यू का काम जारी है। कई मजदूर घायल भी है, जिन्हें प्लांट प्रबंधन ने इलाज के लिए अंबिकापुर अस्पताल भेजा है। जानकारी के मुताबिक प्लांट के बंकर में कोयले की मात्रा ज्यादा हो गई थी, इस वजह से तेज धमाके के साथ बॉयलर फट गया। फिलहाल घायल मजदूरों का इलाज किया जा रहा है। मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। रगुनाथपुर इलाके का ये पूरा मामला है। इधर परिजनों का हुजूम प्लांट के बाहर जुटना शुरू हो गया है। रविवार सुबह करीब 10 बजे रोजाना का तरह प्लांट में काम चल रहा था. अचानक तेज आवाज के साथ बायलर फटा और कोयला बंकर टूटकर नीचे गिर गया. हादसे के दौरान वहां काम कर रहे 7 मजदूर दब गए। अस्पताल में भर्ती कराये गये मजदूरों में कईयों की हालत गंभीर है।

### बड़े भाई ने छोटे भाई के सिर पर राड मारकर हत्या की

**कोरबा(विश्व परिवार)।** दिनांक 05. 09.2024 को मृतक छतराम धनुहार पिता रामनारायण धनुहार उम्र 32 वर्ष साकिन कोठाबार कोनकोना के रहने वाले अपने भाई शिवचरण धनुहार से शराब पीकर अपनी बड़ी मां के घर में जाकर गाली गुप्तार मारपीट करने पर आमादा हो रहा था कि ब्लूटूथ स्पीकर को ले लिया है बात ज्यादा आगे बढ़ने से मृतक का भाई शिवचरण धनुहार घर आ गया वहां भी मृतक छतराम धनुहार पहुंच गया झगड़ा करने लगा तब आरोपी शिवचरण धनुहार ने पास में रखे लोहे के राड से सिर में मार दिया जिससे वह घायल हो गया उसका खून देखकर आरोपी वहां से भाग गया फिर वह सुबह दिनांक 06.09.2024 को सुबह आकर देखा तो हल्का हल्का सांस चल रहा था थोड़ा देर बाद मर गया तब आरोपी ने मृतक के शरीर को पूरा ढक दिया सिर्फ चेहरा दिख रहा था आसपास परिवार को स्वयं से गिर जाने से मरना बताया और घटना की पूरी जानकारी न देते हुये उसे दफन कर दिया व मर्ग जांच के बाद विवेचना आरोपी शिवचरण धनुहार के निशांदेही पर शव का उत्खनन किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया। बांगो पुलिस ने यह कार्यवाही तत्काल की है जिसमें थाना के सउनि ओमप्रकाश परिहार, प्रआर, अनिल पोर्ते, अभिषेक पाण्डेय, जयप्रकाश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### गृहमंत्री की फटकार के बाद पुलिस ने पकड़ा कबाड़

**कोरबा(विश्व परिवार)।** गृह मंत्री ने पुलिस विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए कोरबा पुलिस को डीजल और कबाड़ चोरी को लेकर फ़्तकरलगाय तो बालको पुलिस ने कबाड़ पकड़ लिया। पकडा गया कबाड़ स्थानीय कबाड़ी राजेश साहू का बताया जा रहा है। बालको टीआई अभिनव कांत के अनुसार 106 की कार्रवाई करते हुए जब्त कबाड़ की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि अवैध कारोबार को लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कोरबा पुलिस को सख्त निर्देश दिया था। गृहमंत्री के कड़े तेवर दिखाते ही बालको पुलिस ने शुक्रवार को कबाड़ से भरी ट्रक को जप्त कर डैमेज कंट्रोलका प्रयास किया। बालको टीआई अभिनव कांत के अनुसार मुखबिर की सूचना पर कबाड़ लोड ट्रक को पकड़ा गया है जो बालको के कबाड़ कारोबारी राजेश साहू का है। ट्रक में लोड कबाड़ की सूक्ष्मता से जांच कर आगे की कार्रवाई करने की बात कही गई है।

### ईदगाह भाटा मस्जिद मुतवल्ली चुनाव के लिए समिति गठित

**रायपुर।** राजधानी की विभिन्न मस्जिदों में लंबे समय से मुतवल्ली चुनाव की मांग की जा रही थी। वहीं सुन्नी हन्फी मुहम्मदी मस्जिद ईदगाहभाटा के मुतवल्ली का कार्यकाल समाप्त हो गया है। नवीन मुतवल्ली के चुनाव के लिए 4 सितंबर को हुई वक्फ बोर्ड की बैठक में सदस्यों द्वारा मुतवल्ली चुनाव मार्गदर्शिका-2022 के अनुरूप निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए 10 सदस्यीय चुनाव समिति का गठन किया गया है। मतदाताओ की सूची तैयार कर जल्द ही चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी जायेगी। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष एवं सदस्य रियाज हुसैन एवं शोएब अहमद खान के अनुमोदन के बाद हाजी वकील अशरफी, मो. सादिक, फारूख कुरैशी, नसरूद्दीन भिन्सरा, हाजी अकबर खां, मो. आरिफ, मुनीर खान, मो. आरिफ, शेख ईस्माईल एवं हाजी उस्मान को चुनाव समिति में शामिल किया गया है।

# कलेक्टर ने जिले के विभिन्न दूरस्थ स्थानों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुना

### जनदर्शन में आज कुल 123 आवेदन हुए प्राप्त

**जांजगीर-चांपा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के विभिन्न दूरस्थ स्थानों से पहुंचे आमजनों की शिकायतों एवं मांग जैसे समस्याओं को पूरी गंभीरता से सुना और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को त्वरित कार्यवाही करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में कुल 123 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आज जनदर्शन में तहसील मुख्यालय अकलतरा निवासी श्री गौतम खाण्डेल द्वारा पीएम आवास दिलाने, ग्राम पंचायत परसाही नाला निवासी श्री रामकुमार श्रीवास द्वारा फौती नामांतरण करने, ग्राम पंचायत खिसोरा निवासी श्रीमती मंगली बाई द्वारा पट्टा दिलाने, तहसील जांजगीर के ग्राम पंचायम पीथमपुर निवासी श्री फिरतुराम साहू द्वारा अधिग्रहण भूमि की मुआवजा राशि दिलाने, तहसील मुख्यालय जांजगीर निवासी श्री नितेश कुमार यादव द्वारा चिटफंड की राशि दिलाने, श्रीमती मंजू ठाकुर द्वारा अर्थिक सहायता प्रदान करने, तहसील पामगढ़ के ग्राम चेउडीह निवासी श्री लक्ष्मणेश्वर द्वारा भूमि सीमाकन करवाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए उचित निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जनदर्शन में अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा वन अधिकार पट्टा दिलाने, रोजगार प्रदाय, नामांतरण, भूमि सीमांकन, आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड बनाने सहित कुल 123 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए सभी संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये हैं।

# उल्लास के तहत कसेकेरा हाई और मिडिल स्कूल में पुस्तक पठन कार्यक्रम का आयोजन

**महासमुन्द(विश्व परिवार)।** बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कसेकेरा के हाई और मिडिल स्कूल में आज उल्लास पुस्तक पठन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वचन जागरूकता वेन के आगमन पर विद्यार्थियों ने विभिन्न पुस्तकों का अध्ययन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन-पाठन की आदत को प्रोत्साहित करना और उन्हें ज्ञान के नए आयामों से जोड़ना था। वचन जागरूकता वेन के आगमन ने पूरे स्कूल परिसर में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की पुस्तकों से परिचित होने का मौका मिला। स्कूल के शिक्षकों ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई और विद्यार्थियों को पुस्तकों के महत्व को समझाया। छात्रों ने बेहद रुचि और उत्साह के साथ पुस्तकों का अध्ययन किया। कुछ ने पहली बार किसी पुस्तक को इतने ध्यान से पढ़ा, जबकि कुछ ने पहले से पढ़ी हुई कहानियों को फिर से ताजा किया। कार्यक्रम के दौरान, विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे पुस्तकों ने उनकी सोच में बदलाव लाया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में ऐसे और भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि विद्यार्थियों में पठन की आदत को और अधिक बढ़ावा दिया जा सके। इस आयोजन ने न केवल विद्यार्थियों को किताबों के प्रति जागरूक किया, बल्कि उन्हें जीवन में ज्ञान और शिक्षा के महत्व को भी समझाया।

# भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा

**दल्लीराजहरा(विश्व परिवार)।** भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य यशवंत जैन ,पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पवार , जिला महामंत्री चेमन देशमुख , महामंत्री जयेश ठाकुर के दिशा निर्देशानुसार जिले में भाजपा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है ,जिसमे दल्लीराजहरा की टी0 ज्योति पार्षद ने अब तक बूथ में 203 सदस्य बनाया है। भाजपा सदस्यता अभियान 2024 का मूल लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना है भाजपा एक बार फिर बड़े पैमाने पर अपना सदस्यता अभियान शुरू कर रही है इसका राष्ट्रव्यापी अभियान 1 सितंबर से शुरू हुआ है इस दौरान भाजपा ने 10 करोड़ से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद पांडे को सदस्यता अभियान का राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में सोमवार शाम को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में सदस्यता 8800002024 नंबर में कॉल कर सदस्यता ली भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव का कहना है कि हर 6 साल में होती है पार्टी में मेंबरशिप रिन्यू कर नए सिरे से सबको फिर से पार्टी का सदस्य बनाया जाता है भाजपा का लक्ष्य हर बूथ में कम से कम 200 सदस्य बनाना है। टी0 ज्योति पार्षद द्वारा कहा गया कि कि अभी तक मेरे बूथ में 203 सदस्य बन चुके है आगे सदस्यता अभियान जारी रहेगा ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाजपा में सदस्य जोड़ने का मेरा लक्ष्य है। भारतीय जनता पार्टी में सदस्यता अभियान में सदस्य बनने के लिए जनता काफी उत्सुक है भाजपा सदस्यता अभियान 2024 का मूल लक्ष्य 10 करोड़ से अधिक अवश्य पूरा होगा।

# प्राकृतिक एवं गौ आधारित कृषि पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

### सांसद एवं विधायक हुए शामिल हुए

**महासमुन्द(विश्व परिवार)।** कृषि विज्ञान केन्द्र, भलेसर, महासमुंद एवं कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कांपा, महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में कृषि देवता भगवान बलराम जी की जयंती पर भगवान बलराम जयंती-किसान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं महासमुंद विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर भगवान श्री बलराम की पूजा अर्चना एवं पारंपरिक कृषि यंत्रों तथा गौ माता की पूजा अर्चना किया गया। भगवान श्री बलराम जयंती किसान दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में प्राकृतिक एवं गौ आधारित कृषि विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका सीधा प्रसारण के माध्यम से कृषि विज्ञान केन्द्र, महासमुंद में उपस्थित अतिथि एवं कृषकों द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं अन्य अतिथिगणों के उद्बोधन को सुना गया। इस अवसर पर प्राकृतिक एवं गौ आधारित खेती विषय पर संगोष्ठी एवं कृषक प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र भलेसर महासमुंद में किया गया जिसमें कृषकों को प्राकृतिक एवं गौ आधारित कृषि तकनीकी विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में जिले के जैविक खेती करने वाले उन्नतशील कृषकों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के गणमान्य जनप्रतिनिधि संदीप दीवान, श्री प्रदीप चन्द्राकर, राहुल चन्द्राकर, रमेश साहू, मुन्ना साहू, बंटी शर्मा, भारतीय किसान संघ जिला- महासमुंद के सदस्य एवं जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी डॉ अनुराग, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, महासमुंद, श्री एफ आर. कश्यप, उप संचालक कृषि, डॉ. कमरजहां, उप संचालक पशुपालन, श्री बी.आर घोड़ेसवार, सहायक मृदा संरक्षण अधिकारी, इंजि. हितेन्द्र परगनिया, सहा. कृषि अभियंता एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# भगवान किसी को मारते नहीं, बल्कि तारते हैं : आचार्य अतुल कृष्ण भारद्वाज

### आज भी सैकड़ों पूतना रूपी राक्षसी है समाज में

### मेहर वाटिका में कथा सुनने पहुंच रहे भक्तजन



**कोरबा(विश्व परिवार)।** ठण्डु राम परिवार (कादमा वाले) के द्वारा मेहर वाटिका में आयोजित हो रही भागवत कथा का श्रवण करने प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में भागवत प्रेमी पहुंच रहे हैं। कथा के पांचवे दिन सोमवार को व्यासपीठ से आचार्य अतुल कृष्ण भारद्वाज ने भगवान की बाल लीला, गिरिराज पूजन का संगीतमय प्रसंग सुनाया। आचार्य श्री भारद्वाज ने वेदों की प्रेरणा एवं ऐतिहासिक प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए राक्षसी पूतना पर कहा कि आज भी समाज में हजारों पूतना जीवित हैं। कथा व्यास ने कहा कि भगवान किसी को मारते नहीं बल्कि तारते हैं। पहले तीनों अवतारों में महिला रूपी राक्षसों का ही नाश किया। इसका अर्थ यह नहीं है कि भगवान किसी को मारते हैं बल्कि वे अविद्या रूपी राक्षसों का नाश कर अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। यदि यह अविद्या घर-परिवार में आ जाए, तो घर में कलह एवं अशांति रहती है अर्थात पूतना रूपी राक्षसी अखबार, मोबाईल, टीबी इत्यादि के माध्यम से प्रत्येक घर व परिवार में पहुँच चुकी है और परिवार को तोड़ने का कार्य कर रही है, जिसका प्रभाव पूरे जीवन और समाज पर पड़ रहा है। आज आवश्यकता है कि पूतना रूपी वृत्ति से सावधान रहा जाए। हमें ध्यान रखना है कि क्या देखना, पढ़ना एवं सुनना चाहिए और किस तरीके से भोजन करना चाहिए। भोजन को छोड़ा जा सकता है क्योंकि वह शरीर के काम आता है परन्तु दृष्टि से देखा गया, कान से सुना गया और स्वयं से पढ़ा हुआ, यह सभी जीवन के आचरण में आकर समाज को सत्य एवं असत्य दिशा का मार्गदर्शन करता है। कथा व्यास ने वासुदेव व नंदबाबा के मिलन के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची मित्रता वही है, जो मित्र के कष्टों को सुनकर उसे अपना कष्ट मानकर दूर करने का प्रयत्न करे। व्यक्तिगत कष्टों को मित्र के सामने कभी भी चर्चा नहीं करना चाहिए। कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य जिस भाव से भगवान का सुमरन करता है, भगवान उसी भाव से उसे अपने हृदय में बसा लेते हैं। भगवान केवल भाव देखते हैं। महाराज ने भगवान के बाल स्वरूप की पूजा पर बल देते हुए कहा कि बाल स्वरूप की पूजा एवं सेवा पूरी तरह से नि:स्वार्थ भाव से होती है और उसमें किसी तरह की अपेक्षा नहीं होती।

### जशपुर से जिला स्तरीय उल्लास रथ हुआ रवाना

**जशपुरनगर(विश्व परिवार)।** उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत पं. दीनदयाल आडिटोरियम साइंस कॉलेज परिसर जी.ई.रोड रायपुर स्थित सभागार में 08 सितंबर 2024 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय उल्लास मेला का आयोजन मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिविशिष्ट अतिथिगण की उपस्थिति में किया गया है। उल्लाल मेला में राज्य द्वारा दिये गये लक्ष्यानुसार 20 प्रतिभागियों इनमें नव साक्षर स्वयंसेवी शिक्षको, एमटी एवं जिले से एफएलएन के 04 प्रभारियों सहित 30 प्रतिभागियों को सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी श्री देवकांत द्विवेदी एवं सहायक नोडल अधिकारी श्री तिलक सिदार के नेतृत्व में जिला मिशन संचालक राजीव गांधी शिक्षा मिशन एवं जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्री नरेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# संपादकीय

## पारंपरिक दलों का वर्चस्व टूटता........

दो राज्यों में आए चुनाव नतीजों को जर्मनी में अगले साल होने वाले राष्ट्रीय चुनाव के लिए मजबूत संकेत समझा गया है। इस तरह फ्रांस के बाद अब जर्मनी में भी पारंपरिक दलों का वर्चस्व टूटता नजर आ रहा है। जर्मनी के दो बड़े राज्यों में आए चुनाव नतीजों के उठे झटके पूरे यूरोप तक गए हैं। दोनों राज्यों में राष्ट्रीय सत्ताधारी गठबंधन में शामिल तीनों पार्टियों की बुरी हार हुई है, जबकि एक राज्य- थुरंगिया में धुर-दक्षिणपंथी पार्टी ऑल्टरनेटिव फॉर डॉयूशलैंड (एएफडी) पहले नंबर पर आ गई है। दूसरे राज्य सैक्सोनी में भी ये पार्टी पहले नंबर पर रही क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक पार्टी से सिर्फ लगभग डेढ़ प्रतिशत वोटों से पीछे रहते हुए दूसरे स्थान पर रही। अन्य महत्त्वपूर्ण रुझान नई बनी वामपंथी पार्टी बीएसडब्लू का दोनों राज्यों में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन जाना है। बीएसडब्लू ने पारंपरिक वामपंथी पार्टियों- सोशल डेमोक्रेट्स और डाइ लिंके को हाशिये पर धकेल दिया है। 22 सितंबर को जर्मनी के एक अन्य राज्य में चुनाव होने वाला है। जनमत सर्वेक्षणों के मुताबिक वहां भी इन्हीं दोनों राज्यों जैसा नतीजा रहने का अनुमान है। इन रुझानों को जर्मनी में अगले साल होने वाले राष्ट्रीय चुनाव के लिए मजबूत संकेत समझा जा रहा है। इस तरह फ्रांस के बाद अब जर्मनी में भी पारंपरिक दलों का वर्चस्व टूटता नजर आ रहा है। जर्मनी यूरोप में सबसे बड़ी आबादी वाला देश है और यह वहां की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी है। स्वाभाविक रूप से जर्मनी से मिले संकेतों से पूरे यूरोप में हलचल मचेगी। कॉरपोरेट एवं वित्तीय क्षेत्र के लिए सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि ऐसी दो पार्टियां तेजी से उभर रही हैं, जो साढ़े तीन दशक से जारी नीतिगत आम सहमति को चुनौती देती रही हैं। ये दोनों पार्टियां यूक्रेन युद्ध के लिए अमेरिका को जिम्मेदार मानती हैं और रूस से निकट संबंध बनाने की पैरोकार हैं। उन्हें मिली सफलता को जर्मनी में तेजी से फैली युद्ध विरोधी भावना के इजहार के रूप में देखा गया है। समझा जाता है कि यूक्रेन युद्ध के बाद से जर्मनी में जारी ऊर्जा एवं औद्योगिक संकटों से परेशान मतदाताओं ने सत्ताधारी गठबंधन में शामिल दलों को इन चुनावों में दंडित किया है। साथ ही दोनों उभरी पार्टियां आव्रजन विरोधी हैं, हालांकि ऐसा करने के उनके तर्क अलग-अलग हैं। उनके इस रुख का भी व्यापक असर हुआ दिखता है।

# आलेख

## सबसे ख़ौफ़नाक हवाई अपहरण

रजनीश कपूर

जम्मू कश्मीर के पूर्व डीजीपी डॉ एस पी वैद के अनुसार, उस समय की सरकार के क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप ने निर्णय लेने में बहुत देर लगाई। यदि उस विमान को अमृतसर हवाई अड्डे से उडने़ नहीं दिया जाता तो तस्वीर पूरी तरह बदल जाती। अमृतसर में तैनात स्थानीय अधिकारियों को भी बिना किसी औपचारिक आदेश के, राष्ट्र हित में यह निर्णय ले लेना चाहिए था कि किसी भी सूरत में विमान को उडने़ नहीं दिया जाए। बीते सप्ताह नेटफ़्लिक्स पर सत्य घटनाओं पर आधारित एक वेब सीरिज़ रिलीज़ हुई जिसे लेकर काफ़ी बवाल मचा। जैसे ही मामले ने तूल पकड़ी, नेटफ़्लिक्स ने बिना किसी विलंब के स्पष्टिकरण भी दे दिया। परंतु जिस तरह सत्तापक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं उस स्थिति पर तो मशहूर शायर शहाब जाफ़री का ये शेर एक दम सही बैठता है, तू इधर उधर की न बात कर ये बता कि क़ाफ़िला क्यूँ लुटा? मुझे रहजनों से गिला नहीं तेरी रहबरी का सवाल है। आज हम बात करेंगे देश के इतिहास में हुए सबसे ख़ौफ़नाक हवाई अपहरण की। इस हाईजैक को लेकर बनी वेब सीरिज़ पर इन दिनों काफ़ी बवाल मचा हुआ है। परंतु सवाल उठता है कि यदि ओटीटी प्लेटफार्म ने भूल को सुधार ही लिया है तो फिर बवाल किस बात का? बवाल या विवाद यदि होना ही है तो उस समय की परिस्थितियों को लेकर हो तो शायद सत्य जनता के सामने आए। यदि चंद घंटों के लिए आपकी ट्रेन या फ्लाइट में देरी हो जाए तो आप किस कदर परेशान हो जाते हैं इसका अनुमान तो आसानी से लगाया जा सकता है। परंतु यदि आप अपने गंतव्य पर जा रहे हैं और अचानक से आपके विमान का हाईजैक कर लिया जाए तो आपकी क्या मनोस्थिति होगी इसका अंदाज़ा लगाना मुश्किल है। अपहरण जैसे हादसे न सिर्फ़ यात्रियों की बल्कि यात्रियों के परिवार और सरकार की भी परेशानी का सबब बन जाते हैं। क्योंकि न तो कोई सरकार या कोई भी यात्री इन परिस्थितियों के लिए तैयार रहता है। 1999 में हुए आईसी-814 का अपहरण, भारत के इतिहास में अब तक का सबसे लंबा चलने वाला अपहरण है। इस अपहरण को लेकर उस समय की सरकार द्वारा लिए गए' और न लिये गये' निर्णयों पर विवाद एक बार फिर से गरमा गया है। सत्तापक्ष का कहना है कि नेटफ़्लिक्स पर दिखाए जाने वाली वेब सीरिज़ ने तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया है। यदि ऐसा है तो निर्माताओं द्वारा ऐसा करना बिलकुल ग़लत है। वहीं इस विमान में मौजदू एक महिला यात्री का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जारी हुआ है जिसने इस बात को खुल कर कहा है कि वेब सीरीज़ में दिखाए गए सभी घटनाक्रम सहीं हैं। विवाद की बात करें तो सत्तापक्ष को इस बात पर एतराज़ था कि वेब सीरिज़ के निर्माताओं ने पाकिस्तानी मूल के अपहरणकर्ताओं के असली नाम नहीं बताए। उनके कोड नामों को ही प्रचारित किया गया है। चूँकि मैंने इस वेब सीरिज़ को पूरा देखा है इसलिए मैं और मेरे जैसे सभी दर्शक इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि भारत की ख़ुफ़िया जाँच एजेंसियों के जिन अधिकारियों को इस वेब सीरिज़ में दिखाया गया है, उनमें से कई अधिकारियों ने इन आतंकी अपहरणकर्ताओं के असली नाम भी लिये हैं। परंतु इस तथ्य को भी नहीं झुठलाया जा सकता है कि, हाईजैकिंग के दौरान आईसी-814 में सवार यात्रियों ने पूछताछ में बताया था कि हाईजैकर्स एक-दूसरे को बुलाने के लिए कोडनेम का इस्तेमाल कर रहे थे। ये कोडनेम, चीफ, डॉक्टर, बर्गर, भोला और शंकर थे। यह बात भी सही है कि इनके असली नाम इब्राहिम अतहर, शाहिद अख्तर सईद, शनि अहमद काजी, मिस्त्री जहूर इब्राहिम और शाकिर थे। इन नामों का खुलासा 6 जनवरी 2000 को केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में किया गया। जिस बात को लेकर इस वेब सीरिज़ पर बवाल हुआ है वह यह कि ऐसे आतंकियों को हिंदू कोडनेम से क्यों बुलाया गया है? ग़ौरतलब है कि जिस किसी ने भी यह वेब सीरीज़ देखी है वह बड़ी आसानी से इस बात की पुष्टि कर सकता है कि किस तरह नेपाल में पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी इनका सहयोग कर रहे थे। विमान में यात्रा से पूर्व इन आतंकियों के पहनावे से भी यह बात स्पष्ट हो जाती है कि वे हिंदू नहीं थे। तो फिर बिना बात का बवाल क्यों? वहीं उस समय के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जो अब सेवानिवृत हो चुके हैं, ये मानते हैं कि आईसी-814 के अपहरण को भारत सरकार द्वारा सही से मैनेज' नहीं किया गया।

# विकसित भारत के लिए भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बदलाव

श्री रवनीत सिंह बिट्टू /खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री





हमारे देश की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भारत का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र एक प्रकाश-पुंज की तरह है, जो विकसित भारत की दिशा में हमारे द्वारा उठाए जा रहे कदमों के रूप में प्रतिबिम्बित होता है। अब यह क्षेत्र केवल अर्थव्यवस्था में योगदानकर्ता भर नहीं रह गया है, बल्कि तेजी से भारत की विकास गाथा का आधार बनता जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में नीतियों, पहलों और बुनियादी ढांचे के विकास के बेहतरीन मिश्रण ने इस क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है, जिससे यह वैश्विक मंच पर एक मजबूत ताकत बनकर उभरा है। वर्तमान में भारत 3.7 ट्रिलियन डॉलर वाली समृद्ध अर्थव्यवस्था होने का दावा करता है, जिसका महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2047 में देश की स्वतंत्रता की शताब्दी तक 30-35 ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था बनना है।

भारत में हो रहे बदलावों के मूल में इसकी समृद्ध कृषि-जलवायु विविधता है, जो हमारे किसानों को विभि‍?न प्रकार की विशिष?ट फसलें उगाने में सक्षम बनाती है। दालें, मोटे अनाज, दूध, गेहूं, चावल तथा फलों और सब्जियों के उत्पादन में वैश्विक स?तर पर अग्रणी देश होने के रूप में, भारत के पास मूल्य वर्धन के लिए संसाधनों का अद्वितीय आधार मौजूद है। हमारे मेहनतकश किसानों द्वारा सावधानीपूर्वक पोषित इस कृषि प्रचुरता ने नवाचार और उद्यमिता के दौर को जन्म दिया है, जिससे उ‍?नतिशील खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का उदय हुआ है।

यह क्षेत्र भारत के आर्थिक विकास का आधार बन चुका है, जो रोजगार के अवसरों के सृजन, तकनीकी प्रगति और बाजार के नए अवसरों के निर्माण के माध्यम से विकास को गति दे रहा है। भारत शीर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे बड़ी और सबसे युवा कामकाजी आबादी होने का भी दावा करता है, जिससे इस महत्वपूर्ण परिवर्तन को और बढ़ावा मिलता है। उन्नत प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके, इस उद्योग ने फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने, उत्पाद की शेल्फलाइफ बढ़ाने और किसानों को उनके प्रयासों के लिए बेहतर रिटर्न दिलाना सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

भारत का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र जैसे-जैसे विकसित हो रहा है, यह न केवल गुणवत्ता के अंतर्राष्ट्रीय मानकों की कसौटी पर खरा उतर रहा है, बल्कि वैश्विक उपभोक्ताओं की लगातार बदलती पसंद और प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए अपनी पेशकशों में विविधता भी ला रहा है। इस प्रकार कृषि और खाद्य प्रसंस्करण के बीच का घनिष्ठ सामंजस?य आर्थिक प्रगति के शक्तिशाली साधन का रूप ले चुका है। यह इस बात को रेखांकित करता है कि हमारे किसान और कृषि देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और यह सुनिश्चित करते हुए कि भारत के कृषि उत्पाद दुनिया के कोने- कोने में संवर्धित मूल्य और गुणवत्ता के साथ पहुंचे। ऊर्जावान और युवा कार्यबल द्वारा समर्थित इस एकीकरण के माध्यम से, हम इस सशक?त, वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी क्षेत्र के उद्भव का साक्षी बन रहे हैं जो भारत को एक समृद्ध और टिकाऊ भविष्य की ओर ले जाने के लिए तत?पर है।

एक महत?वपूर्ण बदलाव के रूप में, कोविड-19 महामारी ने इस क्षेत्र के प्रभावशाली लचीलेपन को दर्शाया, जो प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के अनुरूप तेजी से अनुकूलित हुआ। रेडी-टू-ईट, रेडी-टू-कुक और मूल्य-वर्धित उत्पादों की ओर धीरे-धीरे बदलाव ने खाद्य सुरक्षा और पोषण में इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। भारत में खाद्य और पोषण सुरक्षा संबंधी चुनौतियों से निपटने, सुविधा प्रदान करने, लंबी शेल्फ लाइफ और दूरदराज के क्षेत्रों तक बेहतर पहुंच प्रदान करने के लिए मजबूत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र आवश्यक है। यह किसानों के लिए बेहतर दामों की प्राप्ति भी सुनिश्चित करते हुए और बाजार के अवसरों में वृद्धि करते हुए, जीडीपी पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है और आजीविका में सहायता प्रदान करता है।

इस संबंध में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) सबसे अग्रणी है, जो पीएम किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) जैसे प्रमुख कार्यक्रमों का समर्थन कर रहा है। यह पहल अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का विकास करके और खेत से लेकर खुदरा तक आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन को अनुकूलित करके इस क्षेत्र को बदल रही है। इन प्रयासों को पूर्णता प्रदान करते हुए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण (पीएमएफएमई) योजना प्रौद्योगिकी उन्नयन, क्षमता निर्माण और विपणन में सहायता के माध्यम से सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के विकास को बढ़ावा देती है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएस) वृद्धिशील बिक्री से जुड़े वित्तीय पुरस्कारों की पेशकश करके घरेलू विनिर्माण एवं निर्यात वृद्धि को और बढ़ावा देती है। इसके अतिरिक्त, नाबार्ड के अंतर्गत 2000 करोड़ रुपये का विशेष अवसंरचना कोष इस क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह समन्वित दृष्टिकोण खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और संबंधित क्षेत्रों को उ‍?नत बनाने के लिए एक व्यापक रणनीति को रेखांकित करता है, जो मजबूत, एकीकृत और दूरंदेशी विकास पथ सुनिश्चित करता है।

भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और इसका जनसांख्यिकीय लाभांश खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए नई ऊंचाइयों को छूने के अनूठे और अभूतपूर्व अवसरों का सृजन करता है। सरकार के महत?वपूर्ण कर संबंधी प्रोत्साहनों, कारोबार करने में सुगमता की सुव्यवस्थित पहल और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास सहित दूरदर्शी व्यवसाय समर्थक सुधारों ने निवेश और विकास के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा दिया है। यह सहयोगपूर्ण परिदृश्य न केवल वैश्विक ध्यान आकर्षित करता है बल्कि भारत को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में नवाचार और विस्तार के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में भी स्थापित करता है।

वर्ष 2023 में पिछले संस्करण की शानदार सफलता के बाद, मंत्रालय 19 से 22 सितंबर 2024 तक वर्ल?ड फूड इंडिया के तीसरे संस्करण का आयोजन कर रहा है। इस आयोजन में खाद्य उद्योग के हर पक्ष से जुड़े हितधारक विचारों का आदान-प्रदान करने, अवसरों का अन?वेषण करने और इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान देने के लिए एक साथ आएंगे। यह एक अनोखा सम्मेलन होगा जिसमें दुनिया भर के खाद्य इकोसिस?टम से जुड़े निर्माता, उत्पादक, निवेशक, नीति-निर्माता और संगठन शामिल होंगे।

वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 एक ऐसा मंच है, जहां हितधारक नवाचारों का अन?वेषण करने, साझेदारी बनाने और टिकाऊ खाद्य भविष्य की दिशा में मार्ग प्रशस?त करने के लिए एकत्रित होते हैं। आइए, हम अपने सामने मौजूद अवसरों का लाभ उठाएं तथा अधिक समृद्ध और लचीली खाद्य प्रणाली की दिशा में ऐसी यात्रा की शुरुआत करें, जो मूल्य श्रृंखला में सभी हितधारकों को लाभान्वित करे। सामंजस?य के इस दौर में, हम न केवल एक उद्योग को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर रहे हैं, बल्कि एक ऐसे भविष्य के साझा विजन को भी अंगीकार कर रहे हैं जहां नवाचार, स्थिरता और समृद्धि हमारे देश के कोने-कोने का उत?थान करे।

# सरकारी धन का दुरुपयोग सच्चे शिक्षक को क्षोभ

शंकर शरण

एक नेता ने तैश से कहा: आप ने इतनी पुस्तकें प्रकाशित की हैं। मगर उस में काम की कितनी हैं? सरकारी धन का ऐसा दुरुपयोग! उन का अंदाज देख हर सच्चे शिक्षक को क्षोभ होगा।्रकभी एक नेता ने ताना दिया: देश की एकता के लिए साहित्यकारों ने क्या किया है?' इस पर वात्स्यायन जी ने कहा था: देश की एकता छिन्न-भिन्न करने के लिए नेताओं ने क्या नहीं किया है?' आज के नेताओं से वही पूछने की जरूरत है कि शिक्षा में कूड़ा-कचरा, प्रोपेगंडा जमाने के लिए उन्होंने क्या नहीं किया है! कुछ पहले एक ऐतिहासिक अकादमिक संस्थान में भाषण देते हुए एक नेता ने तैश से कहा: आप ने इतनी पुस्तकें प्रकाशित की हैं। मगर उस में काम की कितनी हैं? सरकारी धन का ऐसा दुरुपयोग! उन का अंदाज देख हर सच्चे शिक्षक को क्षोभ होगा। क्योंकि स्वतंत्र भारत में नेताओं, दलों ने ही राजकीय संसाधनों का अतुलनीय दोहन किया है। इसे सभी दलों के कार्यकर्ता मामूली अगर-मगर से मानते हैं। बल्कि, उन में अंदरूनी मार-पेंच तक उसी दोहन में हिस्से-बखरे की है। दूसरे, उन नेता की अपनी बिरादरी ने ही अकादमिक संस्थाओं को क्रमश: तेजी से स्तरहीन, और बदहाल बनाया है। अनूठी संस्थाओं को भी बेसिर रख कर बरसों-बरस अपने हाल पर छोड़ दिया है। ऐसा व्यवहार अंग्रेज प्रशासक कभी नहीं करते थे! सोचिए, जो अपने लिए एक और भाषण-भवन फौरन बनवा लेते हैं, वे देश के अनूठे ऐतिहासिक संस्थानों को छीजने छोड़ देते हैं। मानो मरम्मत हो या न, वह रहे या गिरे, बला से! यह कोई अपवाद नहीं। वस्तुत: शिक्षा-संस्कृति से ही जुड़े स्थानों, कामों पर एकाधिकार कर जैसै-तैसे करना, न करना, या उन की मिट्टी पलीद होने देना - यह नेताओं की एक संकीर्ण बिरादरी का सिग्नेचर व्यवहार? रहा है। लेकिन यह तो छोटे पाप हैं! जिस में सभी दल शामिल हैं। नेताओं का सब से बड़ा अपराध है: शिक्षा को राजनीतिक कीचड़ से लिथेड़ देना। संस्थानों को दलीय? राजनीति और हिस्से-बखरे के अड्डे बना देना। उन की स्वायत्तता और आत्मा नष्ट करते जाना। विद्वानों को अपदस्थ करते हुए संस्थाओं को एक्टिविस्ट और क्लर्क जैसे लोगों से भर देना। शिक्षकों, विद्यार्थियों को नेताओं, उन के एजेंटों, ठेकेदारों के अज्ञान और क्षुद्र मंसूबों से चलाना। नेताओं के चित्र-विचित्र भाषण न केवल शिक्षकों को जबरन सुनाना, बल्कि छात्रों तक भी पहुँचाने का दबाव रखना! अनर्गल नारों, चालू घटनाओं, मुहावरों पर सेमिनार, प्रदर्शनी करने का हुक्म देना। उस पर करोड़ों रूपयों और हजारों लोगों के समय व ऊर्जा की बरबादी कर, वही सब शैक्षिक' क्रियाकलाप मानने का चलन बनाना। अर्थात नकली, व्यर्थ कामों से समाज को मानसिक दुर्बल, भ्रष्ट, और लाचार बना देना। चाहे उन्हें इस का बोध हो या नहीं। सो, जब जिस दल गुट का दौर-दौरा, उस की ऊल-जुलूल बातों, घोषणाओं को शिक्षकों, छात्रों के गले उतारना। इस तरह, पूरी की पूरी पीढ़ियों के स्वच्छ, विश्वासी माथे में महान साहित्य, ज्ञान, और? सदविचारों के बदले विषैली दलबंदी, विभाजक ईर्ष्या-द्वेष, और फूहड़ प्रोपेगंडा उतारना। यह स्वतंत्र भारत में आरंभ से ही चला। क्रमश: कुरूपतर होता। फलत: आज लाखों-लाख शिक्षितों में तथ्य और राय, फैक्ट या ओपीनियन में अंतर कर सकने की समझ नहीं। बचपन से ही तरह-तरह से नेताओं की नियमित पूजा देखते-सुनते सत्य और प्रोपेगंडा में अंतर करने की उन की क्षमता लुप्तप्राय हो चुकी है। देश के जनगण पर ऐसा मानसिक घात देसी नेताओं का किया हुआ है। अंग्रेजों ने तो दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ साहित्य और सच्चे विद्वानों, शिक्षकों से हमारी शिक्षा को पोषित किया था। उसी को हर तरह से प्रोत्साहित किया था। यह हमारे देसी नेता थे, जिन्होंने अपने-आप को, रोज बात बदलने वाले नेताओं को मनीषियों से ऊपर रखने की समाजघाती रीति बनाई। अल्पज्ञ नेताओं के मामूली भाषणों, रोजमर्रा टिप्पणियों को मँहगी जिल्दों में प्रकाशित कर विशेष ज्ञान सामग्री के रूप में स्थापित कराया! जबकि अंग्रेज ऐसा फूहड़ काम, अपने वायसराय या प्रधानमंत्री के भाषणों, आदि का संग्रह बनाते तक नहीं थे - थोपना तो दूर रहा! उन्होंने भारत में अनेक शानदार पुस्तकालय बनाए, जिन में दुनिया भर के ज्ञान-ग्रंथ लाकर रखे। उन्नीसवीं और बीसवीं सदी के पूर्वार्द्ध तक भारतीय विद्यार्थियों की कई पीढ़ियों ने उस से लाभ उठाया। उस से ही यहाँ अनेक महान चिंतक, वैज्ञानिक, कवि, विद्वान, आदि बने जिन का दुनिया में नाम हुआ। इस के विपरीत, स्वतंत्र भारत के शासकों ने अपने भाषण, उपदेश, चिट्ठियों, आदि के कलेक्टेड वर्क्स' को पुस्तकालयों में विशिष्ट स्थान दिया! देश-विदेश के महान दार्शनिकों, कवियों, लेखकों की सर्वोत्तम रचनाओं की कोई सुंदर जिल्द उपलब्ध कराने में उन की कभी कोई रुचि न थी। यह उन की बुद्धि से ही परे रहा कि यह भी कोई कर्तव्य हो सकता है! आज स्थिति और बदतर हो रही। अब कथित नीतिगत दस्तावेज तक छापे नहीं जाते। लेकिन नेताई भाषणों की सालाना मोटी-मोटी जिल्दें बाकायदा छपती हैं। किन के लिए? अल्लाह जानता है! यह सार्वजनिक धन का सब से फूहड़, लज्जाजनक दुरुपयोग है, जिसे भाषणबाज लोग समझने में भी असमर्थ हैं। इस तरह, शिक्षा का एकाधिकार लेकर नेताओं ने सब से मूल्यवान ज्ञान-सामग्री ही बच्चों, युवाओं तक पहुँचाना जरूरी न समझा। जो इसी आयु वर्ग के लिए स्वच्छ वायु और शुद्ध जल जैसा आवश्यक है! पर नेता अपने सीमित शब्दजाल और मन की तरंग को ही असल साहित्य समझने के आदी हैं। यह गाँधीजी से आरंभ हुआ, और आदर्श उदाहरण सा सब ने अपना लिया है। दुनिया के किसी अग्रणी देश में ऐसा नहीं है। फलत: आज देश की सर्वोच्च विचार सभा - जो परिभाषा से ही विचारकों, नीतिज्ञों का स्थान था - उस की कौन? कहे, उच्चतम शैक्षिक-सांस्कृतिक संस्थानों में भी चिंतकों, ज्ञानियों को स्थान/अधिकार देने का चलन लुप्तप्राय हो गया है।

# आज की दौड़-भाग भरी जिंदगी में खुद के निकट लाता है शौच धर्म

- दसलक्षण (पर्यूषण पर्व) पर्व चौथा दिन -उत्तम शौच धर्म, 11 सितंबर पर विशेष :
- (आत्मा की शुचिता, निर्मलता ही शौच धर्म)

-डॉ सुनील जैन संचय ललितपुर




क्रोध कषाय का अभाव होना - क्षमा धर्म है। मान कषाय का अभाव होना - मार्दव धर्म है। माया कषाय का अभाव होना - आर्जव धर्म है। अब आगे धर्म के दसलक्षणों के क्रम में चौथा है शौच धर्म और चार कषायों के क्रम में चौथी है लोभ कषाय यानि लोभ कषाय के अभाव होने को शौच धर्म कहते हैं ।जिस प्रकार समुद्र अनेक सरिताओं से भी तृप्त नहीं होता, उसी प्रकार इंसान विश्व की संपूर्ण दौलत को पाने के बाद भी तृप्त नहीं होता। सत्य के दर्शन करना चाहते हो तो अपने भीतर से लोभ कसाई को भी निकाल दो, आत्मा की वेदी को स्वच्छ कर लो बीजारोपण से पूर्व पृथ्वी को झांड़-झंकाड़, कंकड़-पत्थर से रहित कर दो ताकि आत्मा स्वच्छ, निर्मल हो जाये और सत्य का देवता आकर विराजमान हो जाये।

विषयों के प्रति आसक्ति, भोग की वस्तुओं के प्रति आवश्यकता से अधिक झुकाव को लोभ कहते हैं ।लोभ या लालच का संबंध केवल पैसे से ही नही है, अपितु किसी भी वस्तु के प्रति अधिक आसक्ति लोभ है। लोभ को पाप का बाप बताया है, सारे पापों की जड़ यह लालच ही है, कहा भी है कि लालच बुरी बला है''।

दूसरे का वैभव, ऐश्वर्य, यश, ज्ञान, पुण्य का उदय, प्रभाव, स्त्री, संतान, धन, संपत्ति इत्यादि देख कर कभी ईर्ष्या नहीं रखना, अपनी अत्यन्त ही दुर्लभ इस मनुष्य पर्याय में जो है जितना है उसी में संतोष कर अशुभ भावों का अभाव करके आत्मा कि शुचि को करो।

यह भी सहज ही है कि जो लालची होगा वह अपनी विषय पूर्ति के लिए समय आने पर चोरी, मायाचारी, छल-कपट, हिंसा, परिग्रह, बैर-भाव भी करता ही रहेगा । उत्तम शौच धर्म हमें यही सिखाता है कि शुद्ध मन से जितना मिला है, उसी में खुश रहो। परमात्मा का हमेशा शुक्रिया मानों और अपनी आत्मा को शुद्ध बनाकर ही परम आनंद मोक्ष को प्राप्त करना मुमकिन है।

मनुष्य में लोभ ही समस्त पापों की जड़ है, जिसके वशीभूत होकर मानव पाप-अपराध करते हैं। लोभ सबसे बड़ा शत्रु है। लोभ के कारण ही भाई, भाई का शत्रु और पुत्र, पिता का शत्रु बना है। समाज में व्याप्त हिंसा, अनाचार, भ्रष्टाचार, चोरी, अपहरण हत्या, अपराध सब लोभ के कारण ही होता है। जिसमें लोभ की प्रवृत्ति रहेगी, उसमें शुचिता-पवित्रता संभव ही नहीं। इन मलिन विकारों पर विजय प्राप्त करने के लिए निर्मलता, समता भाव का होना अति आवश्यक है। जो संतोष रूपी जल से लोभ रूपी मल को धोता है, उसे




निर्मल शौच धर्म होता है, शौच-धर्म को धारण करने के लिए मनुष्य को पंचेन्द्रिय विषयों में आसक्ति, धन संबंधी सामग्री को संचित करने की प्रवृत्ति का त्याग करना आवश्यक है।

उत्तम शौच का अर्थ है पवित्रता। आचरण में नम्रता, विचारों में निर्मलता लाना ही शौच धर्म है। बाहर की पवित्रता का ध्यान तो हर कोई रखता है लेकिन यहां आंतरिक पवित्रता की बात है। आंतरिक पवित्रता तभी घटित होती है जब मनुष्य लोभ से मुक्त होता है।

शौचधर्म का प्रयोजन तो आत्मा को पवित्र करने से होता है, इसका इस देह से कोई सम्बन्ध नहीं मानना। अनादिकाल से यह आत्मा लोभ रूपी मल से मलिन हो रखा है उसे पवित्र करना तथा करने का भाव आना ही शौचधर्म है।

शौच धर्म कहता है कि आवश्यक्ता, आकांक्षा, आसक्ति और अतृप्ति के बीच को समझकर चलना होगा क्योंकि जो अपनी आवश्यक्ताओं को सामने रखकर चलता है वह कभी दुखी नहीं होता और जिसके मन में आकांक्षाएं हावी हो जाती हैं वह कभी सुखी नहीं होता। हावी होती हुई आकांक्षाएं आसक्ति(संग्रह के भाव) की ओर ले जाती है और आसक्ति पर अंकुश न लगाने पर अतृप्ति जन्म लेती है, अंतत: प्यास, पीड़ा आतुरता और परेशानी बढ़ती है ।

भौतिक संसाधनों और धन दौलत में खुशी खोजना यह महज आत्मा का एक भ्रम है। उत्तम शौच धर्म हमे यही सिखाता है कि शुद्ध मन से जितना मिला है उसी में खुश रहो।लोभ छोड़ने से ही आत्मा में उत्तम शौच धर्म प्रकट होता है। अनादि काल से यह आत्मा लोभ रूपी मल से मलिन हो रखा है उसे पवित्र करना तथा करने का भाव आना ही शौचधर्म है।

हम जानते ही हैं की लालची जीव किसी भी अवस्था में संतुष्टि को प्राप्त नहीं होता वह तो सदैव ही असंतुष्ट रहता है, और असंतुष्ट जीव की आशाएं,अपेक्षाएं और संसार कभी ख़त्म नहीं हो सकते।

आज की दौड़-भाग भरी जिंदगी में जहां इंसान को चार पल की फ़ुर्सत अपने घर-परिवार के लिए नहीं है, वहां खुद के निकट पहुंचने के लिए तो पल-दो पल भी मिलना मुश्किल है। इस मुश्किल को आसान और मुमकिन बनाने के लिए जब यह पर्व आता है, तब समूचा वातावरण ही तपोमय हो जाता है।

कविवर द्यानतराय जी दसलक्षण धर्म की पूजन में लिखते हैं-

धरी हिरिदे संतोष, करहु तपस्या देह सों ।
शौच सदा निरदोष, धरम बड़ो संसार में ।।

## आर्जव धर्म : आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज ने कहा- कुटिलता छोडो सहजता प्राप्त करो





**नांदणी ( विश्व परिवार )।** पर्वराज पर्युषण के अवसर पर दिगंबर जैनाचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी गुरुदेव ने श्रावक साधना संयम संस्कार शिवीर में धर्म सभा को संबोधन करते हुए कहा कि मायाचारी महा-अनर्थकारी, कष्टकारी, दुखद ही होती हैं। मायाचारी करने वाला कभी भी सुखद जीवन नहीं जी सकता हैं। माया का फल दुर्गती होती है। मायाचारी को तिर्यंच बनना पडता है। माया के चक्कर में पडकर मानव दानव बन जाता है और फिर वह मानवता भुलकर अनर्थ पर अनर्थ कर स्व पर को कष्ट में डालता है। माया के कारण ही व्यक्ति अकल्याण, अशांती, अनर्थकारी, अवनती के मार्ग पर अग्रसर होता है। फलत : अपने धन- वैभव, यश- ख्याती, सौदर्य, समृद्धी, सुख शांती को खो देता है।

जैनाचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी गुरुदेव ने कहा कि मायाचारी से कभी भी किसी का हित नहीं होता है। जो मायाचारी कपटी दुसरो को ठगता है वह निश्चित ही दुसरो से ठगा जाता है। जो दुसरो को गड्डा खोदता है, वही एकदिन स्वयं उस गड्ढे में गिरकर दु:खी हो जाता है। दु:ख से बचना है तो मायाचारी छोडो, कपट मत करो, कटुता छोडो, जटीलता का त्याग करो, आर्जव धर्म स्वीकार करो।

सरलता, नम्रता, सहजता ही अमृत है। सरलता से सर्व सिद्धीया प्राप्त हैं। सरलता से सन्मान प्राप्त होता है। विनय ही मुक्ति का द्वार है। विनय में सुख -शांति है। विनय ही धर्म का आधार है। विनय में ही आनंद है। सरलता ही पूज्य बनाती है।

सरलता ही प्रसिद्धी दिलाती है। सरलता से ज्ञान बढता है। सरलता से विशुद्धी वर्धमान होती है। सरलता से सौन्दर्य वृद्धिमान होता है। सरलता प्राप्त करो, सरलता मानवता का चिन्ह है। सरलता मानवीय गुण है। सरलता सज्जनो कि कुल विद्या है। सरलता से ही आत्म उत्थान होता है। सरलता गुणकारी है।

आकांक्षाओं से मायाचारी का जन्म होता है। जितनी अधिक आकांक्षाये, कामनाये होंगी उतनी अधिक मायाचारी होगी। इच्छाये कम करो, संतोषी बनो। व्यक्ति जितना श्रम (मेहनत), पुरुषार्थ, उपाय दुसरों को ठगने में करता है, यदी उतनी मेहनत अच्छे कार्यो में करे तो उसे कभी मायाचारी नहीं करना पडेगा। सरलता से जो कार्य हो सकता है, वह मायाचारी से संभव नहीं है। सरल बनो, सरलता सीखो, सरलता का व्यवहार करो। सरलता से ही व्यक्ती सबका प्रिय हो सकता है।

अन्यक्षेत्र में यदि मायाचारी कि तो वह धर्म क्षेत्र में सरलता, आर्जव धर्म से दूर कि जा सकती है, परंतु धर्म क्षेत्र में कि गई मायाचारी बज्र के समान कठोर होती है। सरलता से सबको वश में किया जा सकता है। सरलता से गुरू भी प्रसन्न हो जाते हैं।

**-अभिषेक अशोक पाटील**

## मोक्षमार्ग सहजता और सरलता का मार्ग है : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज

### संत का मन निश्चल होता है, उसके मन में छल, कपट, तिकड़म या कुटिलता जैसी कोई बात नहीं होती : मुनिश्री

**इंदौर ( विश्व परिवार )।** मोक्षमार्ग सहजता और सरलता का मार्ग है संत का मन बच्चे के समान निश्चल होता है, उसके मन में छल कपट, तिकड़म या कुटिलता जैसी कोई बात नहीं होती लेकिन कुछ लोग तो गुरुओं के साथ भी तिकड़म लगाने से नहीं चूकते यह ज्ञान का दुरुपयोग एवं प्रज्ञा अपराध है जो भव-भव में आत्मा को भटकाती है। उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने मोहताभवन रैसकोर्स रोड़ पर श्रावक संस्कार शिविर के तीसरे दिवस उत्तम आर्जव धर्म पर प्रकट किये। उन्होंने कहा कि व्यक्ति जैसा अंदर से होता है बाहर से भी बैसा हो यह जरुरी नही? आजकल व्यक्ति काल्पनिक जीवन जीता है, और जैसा अपने आपको मान रखा है वैसाअपने आपको दिखाना चाहता है, इसी काल्पनिक छवि को मेनटेन करने के लिये दूसरों धोखा देता है। मुनि श्री ने कहा यह उसकी भूल है, दूसरों के साथ छल कपट और धोखा दैने बाला व्यक्ति सबसे पहले अपने आपसे धोखा करता है उन्होंने कहा कि दूसरे की आंख में तो तुम बाद में धूल झोंकोगे पहले उसके कण तो आपकी आंखों में ही जाऐंगे मुनि श्री ने कहा कि व्यक्ति पहले स्वं को धोखा देता है, इसके बाद स्वजनों को धोखा देता है, इसके बाद वह संतों को भी नहीं छोड़ता तथा समाज को भी धोखा देकर रफु चक्कर हो जाता है मुनि श्री ने कहा ध्यान रखना है जब पोलपट्टी खुलती है, तो व्यक्ति कंही का नहीं रह जाता वहअपने आपसे ही आंखें नहीं



मिला पाता मुनि श्री ने कहा कि दूसरों के साथ छल कपट करने बाला व्यक्ती दूसरोंको नहीं स्वं को धोखा देता है, और बाद में उसकी पोल पट्टी न खुले इसलिये अपने स्वजनों को धोखा देता है। गुरुओं के साथ मायाचारी करता है, तथा उनको प्रभावित करने के लिये, इधर की बातें उधर कर अपनी मान बड़ाई करता है उन्होंने कहा कि ज्ञान का दुरुपयोग ही प्रज्ञापराध है जो गुरुओं के साथ मायाचारी करेगा उसका अगली पर्याय में सुअर बनना तय है, उदाहरण देते हुये कहा कि एक व्यक्ति था जो कि अपनी दानशीलता के कारण बहूत छोटे से समय में वह प्रतिष्ठित हो गया समाज मेंदानशीलता की शुरुआत करके बाजार से 150 करोड़ का घोटाला करके गायब हो गया ऐसे लोग कितने जल्दी नीचे गिर जाते है, उन्हें नहीं मालुम कि वह अपने साथ कितना अन्याय कर रहे है यह प्रज्ञापराध भव भव में बन्धन का कारण है। इस अवसर पर मुनि संघान सागर जी महाराज ने सम्वोधन देते हुये कहा कि मन में हो सो बचन उचरिये बचन होये सो तन सौ करिये इन दो पक्तियों में हीआज के पूरे प्रवचन का सार छुपा है इस अवसर पर मुनि श्री निर्वेग सागर जी महाराज प्रतिदिन श्राबकों को प्रतिक्रमण के दौरान पाप से बचने का उपाय समझा रहे है। उपरोक्त जानकारी देते हुये धर्म प्रभावना समिति के प्रचार प्रमुख एवं प्रवक्ता अविनाश जेन ने देते हुये बताया मोहताभवन में मुनिसंघ सानिध्य प्रात:5 बजे से भावनायोग तत्पश्चात 6 बजे से भगवान का अभिषेक एवं शांतीधारा एवं नित्य नियम पूजन के पश्चात 9 बजे से10 बजे तक प्रवचन तत्पश्चात दशलक्षण विधान प्रतिदिन भक्ती संगीत के साथ संपन्न हो रहा है।दौपहर 2:30 बजे से तत्वार्थसूत्र की बाचना एवं मुनिसंघ के प्रवचन तत्पश्चात5 बजे प्रतिक्रमण एवं 6 बजे से 7:15 तक शंकासमाधान एवं आरती का कार्यक्रम होकर8 बजे समापन हो रहा है। धर्म प्रभावना समिति के मीडिया प्रभारी राहुल जैन तथा प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया मुनिसंघ के दर्शन एवं आशीर्वाद पाने के लिये विशिष्ट अतिथियों का आगमन हुआ धर्मप्रभावना समिति के अध्यक्ष अशोक डोसी, महोत्सव अध्यक्ष नवीन गोधा, महामंत्री हर्ष जैन आनंद गोधा सहित पदाधिकारियों ने साल श्री फल से उनका स्वागत किया। **-अविनाश जैन**

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यूषण पर्व का तीसरा दिन उत्तम आर्जव का दिन कहलाता है, सरलता का नाम आर्जव है



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** पर्यूषण पर्व का तीसरा दिन उत्तम आर्जव का दिन कहलाता है। सरलता का नाम आर्जव है छल कपट मायाचारी रहित सहजता ही आत्मा का धर्म है। तीसरे दिन श्री जी के शांति धारा करने का सौभाग्य पदमचंद जैन नितिन निखिल जैन एवं परिवार को प्राप्त हुआ। प्रथम चार कलश से श्रीजी का अभिषेक डॉ नरेंद्र जैन, रचित ( नितिन जैन), तुषार जैन एवं श्रेयांश जैन को प्राप्त हुआ। शाम की महा आरती का सौभाग्य इंद्र कुमार जी अशोक जैन जी को प्राप्त हुआ। पंडित धन प्रसाद जी एवं बाहर से आए हुए पंडित मनोज शास्त्री जी के सानिध्य में अभिषेक, शांति धारा एवं आरती आनंद एवं भक्तिमय वातावरण के साथ संपन्न हुआ। समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन सचिव अमित जैन पंडित धन प्रसाद जी बाहर से आए हुए शास्त्री जी और पूरे समाज की उपस्थिति के बीच शांति धारा करने का सौभाग्य प्राप्त समाज के संरक्षक पदमचंद जैन ने बताया की मन के भाव और शब्द पारदर्शी हो जाएं यही उत्तम आर्जव धर्म है प्रतिदिन की तरह शाम की महा आरती के बाद शास्त्री जी के प्रवचन में समाज के युवा वर्ग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। रात के सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंजना जैन एकता जैन द्वारा बाल विवाह एवं आज की कन्या के बारे में जो कार्यक्रम आयोजित किया जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। मंदिर जी में बड़ी संख्या में जैन समाज के लोगों की उपस्थिति और भक्तिभाव वातावरण के बीच सभी कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं। **-विद्याधर तिवारी**

### उत्कृष्ट तपस्वी मुनि श्री शाश्वत सागर जी महाराज की वर्षाकाल से ही दो उपवास एक आहार की तप साधना चंद्रोदय तीर्थ चांदखेड़ी में

**चांदखेड़ी ( विश्व परिवार )।** परम पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के परम शिष्य पूज्य मुनि श्री 108 शाश्वत सागर महाराज अपनी उत्कृष्ट साधना कर रहे हैं। जो सचमुच हमारे जैन संतों की निष्काम साधना एवं उनकी निर्मोहिता, निष्प्रहता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करती है। कल पूज्य मुनि श्री का दो उपवास के बाद पारणा चांदखेड़ी में निर्विघ्न सम्पन्न हुआ।



**तपस्या पर एक नजर :** जानकारी देते हुए श्री योगेश जैन बताते हैं कि पूज्य गुरुदेव जब मंगल विहार करते हैं तब भी उनकी एक उपवास एक हर की साधना का यह क्रम प्रतिदिन जारी रहता है। वह बताते हैं कि जब गुरुदेव ने चांदखेड़ी में मंगल प्रवेश किया था तब भी उनका उपवास था और 40 किलोमीटर चलकर वे क्षेत्र पर आए थे। पूज्य गुरुदेव मौन साधक है। और उनके नमक व शक्कर का त्याग है। और जब से वर्षा योग की स्थापना हुई यह तब से गुरुदेव लगातार दो उपवास एक आहार की साधना कर रहे हैं। निश्चित रूप से ऐसी साधना ऐसे साधक पंचम युग में मिलना एक हमारे लिए पुण्य का शुभ अवसर है। सचमुच गुरुदेव साधना का जीवंत प्रमाण है। इसके अतिरिक्त मुनि श्री ने डेढ़ माह से वैयावृती भी नही करवा रहे हैं। मात्र आत्म साधना में लीन रहते है।

जैन संत की साधना अपने आप में अद्भुत एवं अनुपम है। जो शब्दों की सीमाओं को असीमित कर देता है। खानपुर नगर गौरव बाल ब्र. उषा दीदी ने कहा कि पर्युषण पर्व में प्रसिद्ध योगाचार्य श्री नवीन जी एवम सारिका जी जैन द्वारा नित्य प्रात- 5 से 6.15एवम सायकल में 8 से 9.30 तक क्रमश- आध्यात्म योग शिविर एवम हीलिंग थेरेपी की सेशन लगाई जा रही है। जिसमें रितु काला दीदी का भी सहयोग मिल रहा है। साथ ही योग साधना शिविर भी चल रहा है।

हमारे संतो के विषय में यही कहेंगे-

*महावीर की त्याग तपस्या तुमसे है जानी,*
*शास्त्रों के शब्दों की क्षमता तुमसे है मानी*
*तुम चारित्र के प्रखर सूर्य हो ज्ञान ज्योति वर दो*
*इस वसुंधरा पर मेरे गुरुवर होय।*

## छल-कपट से ऊपर उठने के लिए राग-द्वेष को छोड़े : मुनिश्री सुधासागर जी महाराज

**31वें श्रावक संस्कार में हों रहे चल रहे हैं विभिन्न कार्यक्रम**

**सागर ( विश्व परिवार )।** छल-कपट से ऊपर उठने के लिए राग-द्वेष को हटाना पड़ेगा जव जव तुम्हारे लिए दूसरे के दुर्गुणों को जानने की वात आवे तव तव तुम्हारे अंदर माया चारी जागेगी आज आर्जव धर्म की चर्चा हो रही है आर्जव धर्म कैसा होता है तो कहा गया आर्जव धर्म मुनि महाराज जैसा होता है जैसे जन्म लिया था जन्म लेते समय बालक में कुछ भी नहीं होता ऐसा ही मुनि राज रहते हैं सदयाजात वच्चे को आरागी कहा गया है ऐसे बालक की तरह वीतराग को धारण करने वाले दिगम्बर मुनि राज आर्जव धर्म के प्रतीक हैं बालक हेय उपादेय का अंतर नहीं करता साधु किसी एक का नहीं हो सकता साधु सम्पूर्ण मनाव जाति का होता है आर्जव धर्म हमें सहजता सरलता की शिक्षा देता है जव आत्मा के अंदर से परमानंद का झरना फूटता है तो वह इन सब चीजों से ऊपर उठकर आर्जव धर्म प्रकट हो जाते हैं उक्त आश्य केउद्गार भाग्योदय तीर्थ सागर में 31वे श्रावक संस्कार शिविर की विशाल सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए।



मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि 31वे श्रावक संस्कार शिविर में प्रात: काल की वेला में समस्त दैनिक क्रियाओं से निवृत्त होकर धवल धोती दुपट्टा धरण परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के श्री मुख से विशेष ध्यान सिखाया जा रहा है ध्यान के दौरान ऊं कार ध्वनि के साथ ऊं धारणा को दैनिक जीवन में आने वाले समस्याओं से बाहर निकले की शिक्षा दी जा रही ध्यान केवल स्वस्थ रहने का मार्ग नहीं है ध्यान अतंस की चेतना को जागृत करता है।

श्रावक संस्कार शिविर के दौरान विधायक शैलेंद्र जैन पहुंचे और परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया इस दौरान देशभर से आए शिविरार्थी से जय जिनेन्द्र कर सागर नगर में सभी शिविरार्थी का अभिनंदन करते हुए कहा कि भाग्योदय आज लघु भारत वन? गया बुंदेलखंड की संस्कारधानी सागर में आज संस्कार का शंखनाद हो रहा है इस दौरान चातुर्मास कमेटी गौरव अध्यक्ष राजेंद्र जैन सुरेन्द्र कुमार बद्दू कार्याध्यक्ष राजेश एडवीना सर्वाध्यक्ष आशीष पटना महामंत्री राजकुमार मिनी मुख्य संयोजक ऋषभ बांदरी कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र वडेरा शिविर निर्देशक हुकुम काका दिनेश जैन आदि ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

सृष्टि ने ऐसी व्यवस्था बनाई है कि कोई किसी का कुछ नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वस्तु का सहज स्वाभाविक है सहज स्वाभाव का मतलब है वह अपने स्वाभाव में ही रहती है सृष्टि ने ऐसी व्यवस्था बनानी है कि कोई किंचित मात्र भी नहीं मिटा सकता प्रकृति ने ऐसी व्यवस्था बनानी है कि कोई द्रव्य गायब नहीं हो सकता वह किसी ना किसी के ज्ञान में है नीति कहती हैं कि जो अपने गार्जियन की निगरानी में हैं वह कभी गायब नहीं हो सकता आपने अपने जाने की जानकारी किसी को दी है तो कोई आपको गायब नहीं कर सकता यदि आप नहीं मिले तो आपकी खोज होने लग जायेगी धार्मिक रूप से इसे प्रमेयत्व गुणा कहा गया है इन समान्य गुणों को देखते हैं तो लगता है कि प्रकृति कितनी व्यवस्थित है हमें प्रकृति ने सब कुछ दिया है लेकिन संसारी प्राणी को दूसरे की वस्तु बड़ी लगती है वह राग दूयेष करने लगते हैं संसारी प्राणी उसे पाने के लिए कुछ भी कर सकता है। हमारे अंदर की बुराईयों को को प्रकट नहीं करते। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक में कौन सी बुराई नहीं होना चाहिए तुम्हेंरी जाति में तुम्हारे परिवार में यहां तक कि तुम्हारे बेटे में नहीं होना चाहिए और तुम्हारे अंदर है तो उस बुराई को छूपना चाहोगे या उजागर करना चाहते हो यदि उजागर करने का भाव आ गया तो समझ लेना कि तुम्हारे अंदर आर्जव धर्म प्रकट हो गया अपने आप को पापी सुइकार कर लेने पर यदि लोग पापी कहते हैं तो क्या बुरी बात है यदि तुमने पाप किया है लोग पापी कह रहे हैं तो सत्य ही तो वोल रहे हैं यदि तुमने पाप किया है तो होंसला करो कि तुम्हारे लिए नरक मिले। **-विजय धुर्रा**

## महान व्यक्तित्व का स्वर्गारोहण, मुनि श्री वांग्मय सागर जी महाराज का सल्लेखनापूर्वक समाधिमरण

**हैदराबाद ( विश्व परिवार )।** आर्षमार्ग, श्रमण परंपरा को बड़ा योगदान, एकांतवाद के निरसन में बड़ी भूमिका निभाते अनेक पुरस्कारों, उपाधियों से विभूषित पंडित श्री शिवचरण लाल जी वर्तमान में पूज्य मुनिश्री वाङ्मय सागर जी की सल्लेखना पूर्वक समाधि तेलांगाना के मेडक जनपद के कुलचारम में विघ्नहरण पार्शवनाथ अतिशय क्षेत्र में कल सोमवार 9 सितंबर को रात्रि 9.47 पर अन्तर्मना तपाचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महामुनिराज के संघ सानिध्य में हो गयी। विगत 28 अगस्त को अन्तर्मना ने उनको मुनिदीक्षा प्रदान कर महाव्रतों का आरोपण किया था व 19 अगस्त रक्षाबंधन के दिन उनकी क्षुल्लक दीक्षा हुई थी व उन्हें वांग्मय सागर नाम दिया गया था।



पूरे देश के प्रमुख स्थानों के साथ ही अमेरिका जाकर उन्होंने धर्म की प्रभावना की तो जयपुर के श्री हुकुम चंद्र जी भारिल्ल को कोलकाता में शास्त्रार्थ में हराकर धर्म का ध्वज फहराया। श्रमण भारती मैनपुरी के संस्थापक सदस्य के साथ ही मैनपुरी जैन समाज के लिए बहुत योगदान दिया। उन्होंने जम्बूद्वीप हस्तिनापुर में एक कमरे का भी निर्माण कराया। 2002 के कम्पिल पंचकल्याणक में वह समिति के अध्यक्ष रहे। मुनि श्री सहज सागर जी ने बताया कि मैंनें 77 और 79 में उनके साथ ही अहमदाबाद व सूरत साथ जाकर ज्ञान प्राप्त किया था व उनके बड़ा मंदिर व नेमिनाथ जिनालय में उनकी स्वाध्याय सभा से बहुत लाभ मिला। अंतिम समय में उनकी धर्मपत्नी उनके सुपुत्र प्रशांत, पुत्रवधु अन्तर्मना के प्रिय शिष्य प्रवर्तक मुनिश्री सहज सागर जी, जो पंडित जी के गृहस्थाश्रम के भाई भी हैं, ने जानकारी देते हुए बताया कि मैनपुरी के पंडित जी 25 जुलाई को अपने सुपुत्र प्रशांत के पास से अपनी धर्मपत्नी व पुत्र के समधी श्री राकेश जी के साथ यहां पधारे थे व 30 जुलाई को उन्होंने 85 वर्ष की आयु में पूरी चेतना व निरोगावस्था में सल्लेखना हेतु आचार्य श्री को श्री फल अर्पित किया था जिस पर विचार कर उन्हें दीक्षा प्रदान की थी। पंडित जी बहुत विद्वान थे। पांच हजार से ज्यादा श्लोक व गाथायें उन्हें कंठस्त थीं। घिरोर के पास नगला इंद में श्री बटेश्वरीलाल जी के परिवार में जन्में 1970 में मैनपुरी आये। आपका कपड़े का बड़ा व्यापार था उसके साथ ही आपने खुद स्वाध्याय के बल पर बहुत ज्ञान का अर्जन कर सोनगढ़ व एकांतवाद का पर्दाफाश कर श्रमण परंपरा के लिए अपना महती योगदान दिया। शास्वी परिषद के सरंक्षक व त्रयभ विद्वत महासंघ के अध्यक्ष अनेक पुरस्कारों व उपाधियों से विभूषित किये गए। दश लक्षण पर्व पर अर्चना, समधी राकेश जी सुपुत्रियां संध्या, प्रतिमा, कविता सपरिवार, श्रीमती साधना मातेश्वरी डॉ सौरभ उनके साथ ही थे।

अन्तर्मना प्रसन्न सागर जी ने अपने शिष्य को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये कहा कि पंडित जी ने ये पुरुषार्थ कर अपना जीवन तो सुधार ही लिया अपितु विद्वानों के लिए बहुत बड़ा संदेश दिया है कि ज्ञान का फल ऐसा चारित्र अंगीकार कर सल्लेखना लेना है न कि अस्पताल में जाकर मरना। उन्होंने कहा कि विद्वानो की संस्थाओं के पदाधिकारी यहां आकर उनके इस पुरुषार्थ की अनुमोदना करेंगे, अपना कल्याण करेंगें ऐसी आशा थी। आचार्य श्री ने कहा भरत काला मुंबई, डॉ सुशील जैन मैनपुरी, पंडित दीपचंद जी जयपुर व अब पंडित शिवचरण लाल जी ने जो आदर्श प्रस्तुत किया वह बहुत बड़ी बात है। **-नरेन्द्र अजमेरा, पियूष कासलीवाल**

## आत्मशुद्धि के महापर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म की आराधना की गई

### सकल दिगंबर जैन समाज रायपुर में 8 सितंबर से 17 सितंबर तक पर्युषण महापर्व मनाएगा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सकल दिगंबर जैन समाज रायपुर द्वारा 8 से 17 सितंबर तक दसलक्षण महापर्व मानने जा रहा है। आत्म शुद्धि के इस महापर्व के आज तीसरे दिन 10 सितंबर भाद्रपद शुक्ल पक्ष सप्तमी मंगलवार को उत्तम आर्जव धर्म की आराधना की गई। समाज के वरिष्ठ सदस्य संजय जैन मोहबा बाजार ने बताया की श्री आदिनाथ दिगंबर जैन (बड़ा) मंदिर ( लघु तीर्थ) में प्रात: 8 बजे से धर्म प्रेमी बंधुओ की भीड़ देखने को मिल रही है। समाज के सभी सदस्य नित्य नियम से अभिषेक, शांति धारा, पूजन, विधान आदि क्रियाओं में शुद्ध केसरिया, पीली, श्वेत धोती पहन कर भाग ले रहे है। आज भक्तों ने सर्वप्रथम प्रात: 8-00 धर्मावलंबियो द्वारा जिनालय में महावीर भगवान जी की बेदी के समक्ष पांडुक्षिला में श्रीकार लेखनं कर भगवान को विराजमान किया। संजय जैन मोहबाजार जी के मुखारविंद से



उच्चारित मंत्रोच्चारण के साथ प्रासुक जल को जल शुद्धि पढ़ कर शुद्ध किया। रजत कलशों के माध्यम से पांडुक्षिला में विराजमान श्री जी का अभिषेक एवं रिद्धि सिद्धि सुख शांति प्रदाता शांतिधारा रजत कलशो से कि गई। शांति धारा के बाद उपस्थित भक्तों ने भगवान की संगीतमय आरती भी की। साथ ही अष्ट द्रव्यों से निर्मित उत्तम आर्जव धर्म का पूजन कर उपस्थित सभी भक्तो ने अर्घ्य समर्पित किए। संजय जैन ने बताया की जैन धर्मावलंबियों का आत्मशुद्धि का दस दिवसीय पर्यूषण पर्व नगर में पूरी धार्मिक प्रभावना के साथ मनाया जा रहा है। मंगलवार को पर्युषण पर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म धार्मिक प्रभावना के साथ मनाया गया।

**तीसरा दिन आर्जव का मतलब है :** जीवन में सरलता आ जाना ही उत्तम आर्जव है। ऋजुता के भाव होना ही आर्जव है। हमारे जीवन मे ऋजुता तभी आएगी जब हम अन्दर बाहर से एक हो जाए। मन, वचन, काय में समानता आना ही आर्जव भाव है। हमारे भावो में जितनी सरलता आती जाएगी हमारी दुर्गतियों का नाश होता जाएगा। शास्त्र में कहा भी गया है कि उत्तम आर्जव कपट मिटावे, दुर्गति त्याग सुगति उपजावे। आज के इस कार्यक्रम में विशेष रूप से संजय जैन मोहबाबाजार, नरेंद्र जैन, श्रेयश जैन, सुनील जैन, राजा जैन, दिलीप जैन, आनंद जैन, श्रद्धेय विक्की जैन, नीरज जैन, प्रवीण जैन, प्रणीत जैन, समित जैन, के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। **-प्रणीत जैन**

## विनय भाव नहीं रहने से आदमी हर जगह हंसी का पात्र बनता है : चर्या श्री माताजी



**नवापारा राजिम ( विश्व परिवार )।** दिगंबर जैन समाज के द्वारा मनाए जाने वाले षर्युषण पर्व का द्वितीय दिवस उत्तम मार्दव धर्म है।मार्दव का मतलब होता है मांन कसाय नहीं करना।मान कंसाय करने से नीच गति का बंद होता है।मान कसाय आने पर विनय भाव नहीं रहता। विनय भाव नहीं रहने से आदमी हर जगह हंसी का पात्र बनता है। विनय भाव रहने से समाज में गांव में हर जगह उसे सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। पर्युषण पर्व पर आज चर्या श्री माताजी ने अपने प्रवचन की श्रृंखला में उत्तम मार्दव धर्म के बारे में लोगों को बताया कि मार्दव धर्म के पालन करने से मान कसाय नहीं करने से उच्च कुल की प्राप्ति होती है। यह उच्च कुल आपको जिनेंद्र भगवान की आराधना व अर्चना करने के लिए मिला है। धन संपत्ति धर्म के कार्य में लगाने के लिए मिला है ना कि दुरुपयोग कर अन्य कार्यों में लगाने के लिए।उच्च कुल आपको अपनी आत्मा को संस्कारवान बनाने के लिए मिला है।उच्च कुल आपको संस्कारवान बनाकर मोक्ष मार्ग में लगा सकता है। उच्च कुल एवं धन वैभव आपको सद्कर्म में करने के लिए मिला है ना कि घमंड करने के लिए।

द्वितीय दिवस शांति धारा करने का शुभ अवसर मनोज कुमार जैन एवं रविंद्र जैन, संजय, संदीप व मनीष चौधरी परिवार को प्राप्त हुआ। पर्वराज पर्यूषण पर्व पर तप करने वालों की आराधना तप चल रही है। श्रीमती सुरेखा पहाड़िया द्वारा सोलह कारण व्रत का आज सातवां उपवास है। **-तुकाराम**

## बग्गियों और कारों में विराजित सिद्धि तप के तपस्वियों का फूलों की बारिश से हुआ स्वागत

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कहते हैं तप हर किसी के बस का खेल नहीं, खेल वही सकता है जो तप का सौदागर हो, तप करना,अपनी रसना को वश में करना,अपनी भोजन संज्ञा पर विजय पाना कोई खेल नहीं है। ऐसे कठिन सर्व सिद्धि दायक श्री सिद्धि तप की कठिन तपस्या को रायपुर की सुपुत्री साध्वी श्री चिंतननिधि श्रीजी म.सा. सहित 114 शूरवीर साधकों ने कर दिखाया है। इस उपलक्ष्य में जारी श्री सिद्धि शिखर विजयोत्सव का सफलतापूर्वक समापन मंगलवार को भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ।

चतुर्विद संघ गुरुभगवंतों के सानिध्य में सुसज्जित बग्गियों, कारों,घोड़े, ऊंट,बैंड- बाजे के साथ हर्षोल्लास पूर्वक सिद्धि शिखर विजय यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में शामिल जैन समाज के लोगों ने तपस्वियों का अभिवादन किया। विजययात्रा विवेकानंद नगर जिनालय से शुरू होकर बुढ़ापारा इंडोर स्टेडियम पहुंची।

शोभायात्रा में 30 बग्गियों और 8 विंटेज कारों में श्री सिद्धि तप के तपस्वियों को विराजित किया गया। शोभायात्रा विवेकानंद नगर से बैरनबाजार, महिला थाना चौक, नगर निगम मार्ग, बुढ़ापारा सप्रे स्कूल मार्ग होते हुए इंडोर स्टेडियम पहुंची। इससे पहले सप्रे स्कूल के पास तपस्वियों का फूलों की बारिश व गुलाब जल छिड़काव कर अभिवादन किया गया।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में एक की मौत, चार घायल

**कोंडागांव(विश्व परिवार)।** नेशनल हाइवे 30 में बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां ट्रक और कार में आमने सामने से टक्कर हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 4 घायल हो गए। एक्सीडेंट में कार के पीछे आ रहा एक दोपहिया वाहन भी चपेट में आ गया, जिस पर सवार लोगों को चोट आई। मिली जानकारी के अनुसार नेशनल हाइवे 30 में फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरगांव के समीप ट्रक और कार में आमने सामने से टक्कर हो गई। दुर्घटना इतनी खतरनाक थी की कार के पीछे चल रही दोपहिया वाहन भी इसकी चपेट में आ गया। हादसे में कार चालक रायपुर निवासी विजय चैतवानी की मौत हो गई। कार में सवार दो महिला और दो बच्चे घायल हो गए। स्कूटी में सवार तीन लोगों को भी चोट आई है। घायलों का उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज किया गया।

### गाज की चपेट में आकर मवेशियों की मौत

**कांकेर(विश्व परिवार)।** अंतागढ़ विकासखंड के आतुर बेड़ा में आकाशीय बिजली का कहर देखने को मिला। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दर्जनों मवेशियों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मवेशी मालिक सोमारू गुरटी का 4 गाय, 3 बैल और 12 बकरा एक जगह पर थे। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। इन मवेशियों की मौत से बड़ा नुकसान उठाने वाले पशु पाल प्रशासन से राहत की उम्मीद लगा रहा है। वहीं सूरजपुर जिले के राजगढ़ में तेज रफ्तार कार ने गौवंश को कुचल दिया। हादसे में 6 गायों की मौत हो गई है। नरसिंहगढ़-भोपाल हाइवे में यह हादसा हुआ है जो कि नरसिंहगढ़ थाना क्षेत्र का मामला है।

### बैटरी चलित ट्रायसिकल मिलने से दिव्यांग लक्ष्य की खिल उठी मुस्कान

**कांकेर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ सरकार दिव्यांगजनों की जीवनचर्या को आसान बनाने लगातार कार्य कर रहीं है। समाज कल्याण विभाग की ओर से उन्हें सहायक उपकरण एवं अन्य सामग्री निःशुल्क वितरित की जा रही है। जिले के चारामा विकासखण्ड के ग्राम हाराडुला निवासी कक्षा 8वीं के छात्र श्री लक्ष्यजीत कोर्राम के चेहरे पर तब मुस्कान खिल उठी, जब कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर ने उन्हें कलेक्टोरेट परिसर में बैटरीचलित ट्रायसिकल की चाबी सौंपी। दिव्यांग श्री लक्ष्यजीत के पिता श्री बीरचंद कोर्राम ने बताया कि इससे उनके बेटे को स्कूल व अन्य जगहों पर आने-जाने में काफी आसानी होगी। साथ ही अपने दैनदिनी कार्य संपादित करने में भी सहूलियत होगी। इसके पहले लक्ष्यजीत के पास पुरानी ट्रायसिकल थी, जिसे हाथों से चलाने में काफी मेहनत करनी पड़ती थी। श्री कोर्राम ने कहा कि अब उनका बेटा बैटरीचलित ट्रायसिकल का एक बटन दबाकर व हैण्डल घुमाकर कही भी आ-जा सकेगा। दिव्यांग लक्ष्यजीत और उनके पिता ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रदेश सरकार के प्रति आभार प्रकट किया।

### अनवरत बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर

**सुकमा(विश्व परिवार)।** जिले में पिछले 48 घण्टे से हो रही अनवरत बारिश हो रही है। जिससे नदी के जल स्तर में लगातार बढ़ोत्तरी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री हरिस एस. ने नदी-नाले तट के सभी गांव के लोगों को सतर्क रहने की अपील की। जिससे की इस दौरान किसी भी प्रकार की जन-धन की हानि की रोकथाम सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने कहा कि जिले में लगातार हो रही बारिश से शबरी नदी सहित नालों एवं कोंटा विकासखंड के नीचले इलाकों सहित जिले में पानी का स्तर काफी बढ़ गया है। ऐसे कठिन समय में जिले के आमजनों से अपील की जाती है कि वे नदी नालों व जलभराव वाले स्थानों से दूर रहें और अनावश्यक घर से बाहर ना निकले। सड़क और पुल के उपर से पानी बहने की स्थिति में उस जगह को पार करने का जोखिम बिल्कुल भी ना उठाएं। कलेक्टर ने जिले में अनवरत बारिश से नदियों-नालों का जलस्तर बढ़ने की प्रबल संभावना के मद्देनजर सड़कों पर जलजमाव के कारण आवागमन अवरूद्ध होने, स्थानीय चिन्हित बाढ़ आने वाले क्षेत्रों एवं निचले इलाकों में जलजमाव होने की स्थिति को देखते हुए नदियों-नालों के जल स्तर पर सतत निगरानी रखे जाने के निर्देश सर्व सम्बन्धित अधिकारियों दिए गए हैं। उन्होंने बाढ़ की संभावना होने पर सम्बन्धित ईलाके तथा तटीय ग्रामों के लोगों को सूचित किये जाने के साथ ही एहतियात के तौर पर सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं। वहीं जलस्तर वृद्धि होने या बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर तत्काल अवगत कराए जाने कहा है।

## माओवादी संगठन में निर्मित हुई आंतरिक कलंक की स्थिति - पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज

### तेलगू कैडर विजय रेड्डी एवं उनके साथियों द्वारा राजनांदगांव-कांकेर बार्डर डिवीजन कमेटी के एसीएम विज्जा (निवासी दक्षिण बस्तर) को मार डाला गया

**बस्तर(विश्व परिवार)।** वर्ष-2024 में माओवादियों को लगातार हो रहे क्षति से बौखलाए हुये माओवादियों के संगठन में विश्वासघात एवं विद्रोह की स्थिति दिखाई दे रही है। उनके बीच आंतरिक कलंक की स्थिति निर्मित हो रही है। माओवादी शीर्ष नेतृत्व द्वारा माओवादी संगठन के इन सभी अंदरूनी कलह से खुद के माओवादी कैडर तथा जनता का ध्यान भटकाने के लिये खुद के द्वारा मारे नक्सलियों को पुलिस मुखबिर/क्रान्तिकारी विरोधी/संगठन की गद्दारी करने जैसे मनगढ़ंत कहानी बताते हुये झुठे एवं तथ्यविहीन प्रेस विज्ञप्ति जारी की जा रही है। उक्त बातें पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. के द्वारा कही गई। उल्लेखनीय है कि विगत 08 महीनों में बस्तर संभाग के अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा तेलंगाना राज्य के निवासी माओवादी कैडर छ्यर्स्ष्ट सदस्य जोगन्ना, छ्यर्स्ष्ट सदस्य रंधीर, ञस्ष्ट सदस्य, ष्ट्रञ्ष्ट कमाण्डर सागर, छङ्कष्टरू विनय उर्फ रवि जैसे शीर्ष माओवादी कैडर्स के शव विभिन्न मुठभेड़ के पश्चात बरामद की गई एवम् इस



अवधि में महाराष्ट्र राज्य निवासी माओवादी कैडर,ष्ट्ररू संगीता उर्फ सन्नी तथा उडीसा निवासी क्क्ष्टरू लक्ष्मी का भी शव मुठभेड़ के पश्चात बरामद किया गया। इस प्रकार बड़ी संख्या में अन्य प्रांत के रहने वाले शीर्ष माओवादी कैडर्स का नक्सल विरोधी अभियान के दौरान पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में मारा जाना छत्तीसगढ़ में पहली बार हुआ है। पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज श्री सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी सीपीआई माओवादी संगठन द्वारा एक रणनीति के तहत सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान स्थानीय माओवादी कैडर्स को एक मानव सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करते हुये बाहरी राज्य के शीर्ष माओवादी कैडर्स द्वारा मौके का फ ायदा उठाकर अपनी जान बचाकर भाग जाते हैं। लेकिन हाल-फि लहाल में हुये मुठभेड़ों के दौरान बाहर राज्य के शीर्ष माओवादी कैडर्स की यह रणनीति विफल होते हुये नजर आ रही है। पुलिस को विश्वनीय सूत्रो से मिल रही आसूचना से यह बात सामने आ रही है कि वर्ष 2024 में तेलंगाना/उड़ीसा/महाराष्ट्र एवं अन्य प्रांत के सीनियर कैडर्स की हो रही दुर्गति को देखते हुये माओवादी संगठन के शीर्ष नेतृत्व में खलबली मच गई है, जिससे बाहर के माओवादी कैडर्स द्वारा स्थानीय माओवादी कैडर्स के ऊपर संदेह एवं शक करते हुये, उन्हे कई प्रकार से प्रताड़ित किया जा रहा है, जिससे माओवादी संगठन में विश्वासघात व विद्रोह की स्थिति निर्मित हो रही है। उपरोक्त परिस्थिति में दिनांक 06 सितम्बर, 2024 को जिला कांकेर के थाना परतापुर क्षेत्र अंतर्गत मलमपेंटा जंगल में राजनांदगांव-कांकेर डिवीजन के एसीएम विज्जा मड़काम को उन्हीं के खुद के माओवादी संगठन के नेतेलगू कैडर नेता विजय रेड्डी के ईशारे पर माओवादियों ने संगठन के साथ गद्दारी करने का आरोप लगाकर हत्या कर दिया गया। माओवादी शीर्ष नेतृत्व द्वारा माओवादी संगठन के इन सभी अंदरूनी कलह से खुद के माओवादी कैडर तथा जनता का ध्यान भटकाने के लिये खुद के द्वारा मारे नक्सलियों को पुलिस मुखबिर/क्रान्तिकारी विरोधी/संगठन की गद्दारी करने जैसे मनगढ़ंत कहानी बताते हुये झुठे एवं तथ्यविहीन प्रेस विज्ञप्ति जारी की जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि विगत दिनों माओवादी संगठन को बस्तर संभाग अंतर्गत दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ईलाका में भारी क्षति उठाना पड़ा है, जिसके कारण प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी संगठन अभी दिशा-विहीन एवं नेतृत्व विहीन हो चुका है। बाहरी प्रांत के शीर्ष माओवादी नेतृत्व विगत 30-40 वर्षा से स्थानीय माओवादी कैडर्स को सिर्फ एक मानव सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करते हुये करोड़ों-अरबो रुपयों की लूट-खसोट की गई है। अब स्थानीय माओवादी कैडर्स के सामने बाहरी माओवादी कैडर्स बेनकाब होते जा रहे हैं, जिसके कारण से मावोवादियों में आपस में विश्वासघात एवं विद्रोह की स्थिति बढ़ते जा रहा है।

## महला नाले में आई बाढ़ में फंसे अंतागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया

### मुख्यमंत्री श्री साय ने दूरभाष पर जाना हालचाल

**कांकेर(विश्व परिवार)।** कांकेर जिले के अंतागढ़ ब्लॉक के नगर पंचायत अध्यक्ष श्री राधेलाल नाग आज वाहन सहित कोयलीबेड़ा क्षेत्र के महला नाले में सहसा आई बाढ़ में फंस गए थे, जिन्हें तत्काल पुलिस की रेस्क्यू टीम के द्वारा वहां से निकाला गया। घटना की जानकारी मिलते ही अंतागढ़ विधायक श्री विक्रम उसेंडी ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को दूरभाष पर अवगत कराया, जिस पर मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता के साथ पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और नगर पंचायत अध्यक्ष के वहां से सुरक्षित ढंग से निकाले



जाने के बारे में हालचाल जाना, साथ ही जिले के कलेक्टर और एसपी को त्वरित रेस्क्यू कराने के लिए निर्देशित किया। पानी के बहाव में बाल-बाल बचने और नया जीवन मिलने पर श्री नाग ने मुख्यमंत्री श्री साय को उनकी तत्परता के साथ मदद के लिए बारम्बार आभार माना और कहा कि प्रदेशवासियों के दुख-दर्द में भी आदिवासी मुख्यमंत्री श्री साय सदैव साथ हैं। उल्लेखनीय है कि रविवार से लगातार हो रही बारिश से जिले के नदी-नाले उफान पर हैं जिससे कई इलाकों में यातायात बाधित हो गया है। इसी दौरान नगर पंचायत अंतागढ़ के अध्यक्ष श्री नाग कोयलीबेड़ा के महला नाला में पुल पर से अपने बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 04 एनडब्ल्यू 8121 में सवार होकर ड्रायवर श्री तरूण उपेण्डी के साथ पार हो रहे थे। इसी बीच नाले में अचानक जलस्तर बढ़ गया, जिससे वे दोनों गाड़ी सहित फंस गए। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर गोताखोरों और बीएसएफ के जवानों के माध्यम से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर श्री नाग और उनके ड्रायवर को सुरक्षित ढंग से बाहर निकाला गया।

## मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना से योगेश का हुआ निःशुल्क किडनी ट्रांसप्लांट

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के तहत राजनांदगांव के ममता नगर निवासी श्री योगेश साहू का निःशुल्क किडनी ट्रांसप्लांट हुआ। श्री योगेश कुमार साहू ने बताया कि उनका 2 जुलाई 2024 को किडनी ट्रांसप्लांट एम्स रायपुर में किया गया। वर्ष 2023 में निजी चिकित्सालय में जांच से पता चला कि उन्हें किडनी की समस्या है। जिसके बाद वे राजनांदगांव में डायलिसिस करा रहे थे। श्री योगेश ने बताया कि उनका किडनी ट्रांसप्लांट मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के तहत निःशुल्क हुआ है। इस योजना से उन्हें एम्स में बेहतर इलाज मिला वहीं उन्हें इलाज के लिए किसी भी प्रकार की राशि नहीं देनी पड़ी। श्री योगेश ने बताया कि वे अभी स्वस्थ हैं और प्रत्येक सप्ताह जांच भी करा रहे हैं। राज्य में मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना चलाने के लिए श्री योगेश ने मुख्यमंत्री का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने तथा दुर्लभ बीमारियों के इलाज में होने वाले व्यय से बचाने के लिए संजीवनी सहायता कोष का विस्तार करते हुये मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना संचालित है। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत चिन्हित दुर्लभ बीमारियों के लिए राज्य के पात्र परिवारों को अधिकतम 25 लाख रूपए तक के इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। छत्तीसगढ़ ऐसा पहला राज्य है, जो इतनी बड़ी राशि राज्य के नागरिकों के इलाज हेतु प्रदान कर रही है जिससे नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 45 वाहन चालकों पर की गई वैधानिक कार्यवाही

**धमतरी(विश्व परिवार)।** धमतरी पुलिस यातायात उप पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा एवं हमराह यातायात स्टॉफ द्वारा शहर के सदर मार्ग में त्यौहार होने से यातायात का दबाव अत्यधिक होने से सुव्यवस्थित यातायात बनाये जाने हेतु घड़ी चौक से रामबाग तक पैदल पेट्रोलिंग करते हुए यातायात व्यवस्थित किया गया। सामान रोड में निकालकर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को सामान अंदर करवाया गया, पंडाल लगाकर दुकान बाहर नही लगाने बेतरतीब एवं नो पार्किंग में खड़े वाहनों को पार्किंग में वाहन खड़े करने समझाईश दिया गया। आटों ई-रिक्शा चालको को रोड में वाहन खड़े कर सवारी उतारने चढ़ाने से मना सदर मार्ग का सवारी होने पर सदर मार्ग में वाहन लाने व खाली सदर मार्ग में घुमने से समझाईद्वा दिया गया। इसी क्रम में बिना लायसेंस तीन सवारी, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, नो पार्किंग रॉग्न साईड, बिना बीमा कराये चालने वाले 45 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 18,500/- रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। यातायात पुलिस व्यापारियों से अपील करती है कि दुकान के बाहर पड़ाल लगाकर सामान ना रखें ग्राहको के वाहन को व्यवस्थित रखने दुकान के बाहर तख्ती या बोर्ड लगाये। साथ ही आमजन, वाहन चालकों से भी अपील करती है कि बिना लायसेंस, तीन सवारी, रांग साईड वाहन ना चलावें, यातायात नियमों का पालन कर यातायात पुलिस का सहयोग करें।

## बलराम जयंती-किसान दिवस पर मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित हुई जिले की महिला कृषक

**कांकेर(विश्व परिवार)।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग तथा भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आज बलराम जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बलराम जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के हाथों जिले के ग्राम गोटुलमुण्डा की महिला कृषक श्रीमती निर्मला भास्कर को आज श्री अन्न उत्पादक उत्कृष्ट कृषक सम्मान प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम मौजूद थे। महिला कृषक की इस उपलब्धि के लिए कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में आज किसान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री से सम्मानित एवं प्रगतिशील कृषक श्री अजय मण्डावी, श्री भरत मटियारा सदस्य बीज प्रमाणीकरण संस्था ने किसानों को गौपालन एवं प्राकृतिक खेती को अपनाते हुए खेती में लागत कम करके लाभ को बढ़ाने की बात कही। जनपद पंचायत कांकेर के अध्यक्ष श्री रामचरण कोर्राम ने गौ आधारित कीटनाशक एवं उर्वरकों को अपनाने का आह्वान किया। जनपद पंचायत के कृषि स्थायी समिति के सभापति श्री ईश्वर कावड़े ने कृषकों को प्राकृतिक खेती से होने वाले लाभ की जानकारी देते हुए रसायन मुक्त खेती करने पर जोर दिया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. साहू ने गौ आधारित जैविक खेती तथा रसायन व कीटनाशक मुक्त कृषि करने पर जोर दिया। इस अवसर पर जिले में प्राकृतिक खेती अपनाने वाले कृषकों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया गया।

## दूरस्थ वनांचल गांव बरदुला में पहुंचा जल जीवन मिशन का पानी

### मानबाई को घर में ही मिल रहा पीने का पानी

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** केन्द्र सरकार द्वारा सभी घरों तक पीने का पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत गांव-गावं तक सभी घरों में नलजल का कनेक्शन दिया जा रहा है। जिससे लोगों को आसानी से पीने का पानी उपलब्ध हो रहा है। साथ ही उन्हें पानी लाने दूर भी नहीं जाना पड़ रहा है। इसी कड़ी में जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बोईरगांव के आश्रित गांव बरदुला में भी जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल कनेक्शन पहुंच गया है।



जिससे ग्रामीणों को घर में ही पीने का पानी आसानी से उपलब्ध हो रहा है। वनांचल क्षेत्र होने के कारण पहले ग्रामीणों को पीने का पानी लाने के लिए दूर जाना पड़ता था। साथ ही गर्मी के मौसम में नदी-नाले सूख जाने से पानी भी उपलब्ध नहीं हो पाता था। जिससे घर के सदस्यों को पानी के लिए बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता था। सरकार की जनकल्याणकारी सोच और लोगों को आसानी से मूलभूत सुविधाओं की पहुंच उपलब्ध कराने की पहल से लोगों का जीवन आसान हुआ है। इसी के तहत सभी घरों में पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिससे लोगों को काफी राहत मिल रही है। बरदुला गांव की रहने वाली श्रीमती मानबाई यादव ने बताया कि पहले वह पीने के पानी के लिए कुआं हैण्डपम्प एवं दूसरों के घरों के निजी बोर के भरोसे जीवन-यापन करती थी। पानी के लिए पूर्णतः दूसरों पर निर्भर थी। साथ ही उसके दोनो बहुओं पार्वती यादव व पद्मा यादव जल पूर्ति के लिए दूर से हैण्डपम्प से पानी लाकर गुजारा करते थे। पूरे दिन का बहुत बड़ा हिस्सा उन्हे पानी की आपूर्ति पर लगाना पड़ता था। जिससे कि अन्य कार्यों में देरी और खेत जाने में परेशानी होती थी।

## बालिका गृह में 16 साल की युवती ने की खुदकुशी


**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन संचालित बालिका गृह में एक 16 साल की किशोरी ने बाथरुम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बालिका गृह प्रबंधन ने सिविल लाइन थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है। नाबालिग के आत्महत्या के कारण का अभी पता नहीं चल है। घटना की सूचना जिला प्रशासन को भी दी गई है। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतार कर पीएम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान ने जानकारी दी है कि बालिका गृह में बालिका ने बाथरूम में फांसी लगाकर खुदकुशी की है। सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है। पुलिस जांच के बाद किशोरी के आत्मघाती कदम उठाने के कारण का पता चल। मामला महिला बाल विकास विभाग द्वारा एकीकृत बाल संरक्षण योजना के तहत संचालित बालिका गृह का है, इसलिए काफी संवेदनशील है।

## व्यापार समाचार

## यू.एस. मिशन इंडिया और रूम टू रीड इंडिया ने प्रारंभिक शिक्षण परिणामों को बेहतर करने के लिए देशभर में रीड-ए-थॉन का लॉन्च किया

**नईदिल्ली।** आज रूम टू रीड इंडिया और यूएस मिशन इंडिया ने राष्ट्रव्यापी 'रीड-ए-थॉन' गतिविधि का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में दस भारतीय राज्यों छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश से अनेक बच्चों, अभिभावकों, समुदायों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, सरकारी निकायों और निगमों ने हिस्सा लिया, जिससे देश में प्रारंभिक शिक्षा एवं साक्षरता परिणाम बेहतर बनाने का संयुक्त प्रयास प्रदर्शित हुआ। यू.एस. सरकार को यू.एस. एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) द्वारा रूम टू रीड के साथ साझेदारी करने पर बहुत गर्व है। इस साझेदारी द्वारा विद्यार्थियों और शिक्षकों को भविष्य का मूलभूत कौशल प्रदान किया जाएगा। रीड-ए-थॉन एक ऐसा प्लेटफॉर्म देता है, जहाँ अनेक स्टेकहोल्डर्स को स्कूलों, समुदायों और सरकारी कार्यालयों में एक साथ आने और बच्चों की पढ़ाई तथा प्रारंभिक शिक्षा में अपना सहयोग देने का मौका मिलता है। इस साल रीड-ए-थॉन का लक्ष्य इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में एक साथ पढ़ने के नए रिकॉर्ड के लिए अपना नाम दर्ज कराना है। यूएसएआईडी के कार्यवाहक मिशन डायरेक्टर डॉ. अलेक्जेंड्रिया ह्यूर्टा ने नई दिल्ली में रीड-ए-थॉन कार्यक्रम में भाग लेते हुए बताया कि, शिक्षा से ही समृद्धि संभव है। जैसा कि संयुक्त राज्य अमेरिका दुनियां भर में विकास के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए भारत के साथ साझेदारी करता रहता है, इसलिए यूएसएआईडी को लाखों विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए मूलभूत कौशल से लैस करने के लिए रूम टू रीड के साथ साझेदारी करने पर गर्व है।

## Motorola ने लॉन्च किया Razr 50




**नईदिल्ली।** मोबाइल तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी मोटोरोला ने अपने बहुप्रतीक्षित स्मार्टफोन मोटोरोला razr 50 के लॉन्च के साथ आज फिर से फोल्डेबल स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचाई है, जो रेज़र फ्रैंचाइज़ी में एक नया और महत्वपूर्ण जोड़ है। ह्डु5ह्न फ्रैंचाइज़ में इस नवीनतम पेशकश से स्मार्टफोन तकनीक में निरंतर प्रगति देखने को मिलती है, जिसमें सेगमेंट का सबसे बड़ा 3.6 एक्सटर्नल डिस्प्ले शामिल है, जो सीधे गूगल जेमिनी एक्सेस प्रदान करता है। मोटो एआई द्वारा संचालित प्रभावशाली 50MP कैमरा सिस्टम के साथ, जिसमें OIS और इंस्टेंट ऑल पिक्सल फोकस शामिल है, razr 50 अत्याधुनिक तकनीक प्रदान करता है। यह त्योहारी सीजन में सीमित अवधि के विशेष प्रारंभिक मूल्य पर केवल 49,999 में उपलब्ध है, जो इसे इस सीजन की एक जरूरी खरीदारी बनाता है। मोटोरोला रेज़र 50, अपने पूर्ववर्ती razr 50 अल्ट्रा की तरह, फोल्डेबल तकनीक को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है, जिसमें सेगमेंट का सबसे बड़ा और उन्नत एक्सटर्नल डिस्प्ले दिया गया है। 3.6 बड़ा pOLED एक्सटर्नल डिस्प्ले, जो Corning® Gorilla® ग्लास विक्टस द्वारा सुरक्षित है, 90H5 डायनेमिक रिफ्रेश रेट और 1700 निट्स की पीक ब्राइटनेस के साथ शानदार दृश्य अनुभव प्रदान करता है। इसका 1056 × 1066 पिक्सल का उच्च रिज़ॉल्यूशन, 10-बिट डेप्थ, 100% DCI-P3 कवरेज और SGS आई प्रोटेक्शन के साथ अद्वितीय स्पष्टता और जीवंत रंगों को पेश करता है।

## टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस और कर्नाटक सरकार ने 25 वें टीसीएस रूरल आईटी क्विज़ की घोषणा की

**बेंगलुरुः** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (TCS) (बीएसई: 532540, एनएसई: TCS) और कर्नाटक सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, बीटी और सायंस एंड टेक्नॉलॉजी डिपार्टमेंट ने घोषणा की है कि 25 वें टीसीएस रूरल आईटी क्विज़ में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन्स शुरू हो चुके हैं। बेंगलुरु टेक समिट 2024 के एक हिस्से के रूप में इस क्विज़ का आयोजन किया जाएगा। इस क्विज़ में ऑनलाइन टेस्ट्स, और वर्चुअल और फिजिकल क्विज़ शोज़ भी होंगे। छोटे शहरों और ज़िलों के आठवीं से बारहवीं कक्षा तक के छात्रों को इसमें हिस्सा लेने के लिए बढ़ावा दिया जाता है। शहर निगम की सीमाओं के भीतर के स्कूलों के छात्र इसमें हिस्सा नहीं ले सकते। इस क्विज़ में विभिन्न क्षेत्रों और पहलुओं में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जिनमें प्रौद्योगिकी पर्यावरण, कारोबार, लोग, नए रुझान शामिल हैं। जिन क्षेत्रों को आईटी ने प्रभावित किया है उन्हें भी क्विज़ में शामिल किया जाता है, जैसे कि, बैंकिंग, शिक्षा, मनोरंजन, किताबें, मल्टीमीडिया, संगीत, मूवीज़, इंटरनेट, एडवरटाइज़िंग, खेल, गेमिंग, सोशल नेटवर्किंग आदि। टीसीएस रूरल आईटी क्विज़ में भारत भर में आठ रीजनल फाइनल्स होंगे। हर रीजनल फाइनल के भाग्यशाली विजेता को बेंगलुरु में नवंबर 2024 में होने जा रहे नेशनल फाइनल्स के लिए आमंत्रित किया जाएगा। सभी रीजनल विजेताओं को 10,000 रुपयों के और उपविजेताओं को 7000 रुपयों के गिफ्ट वाउचर्स से पुरस्कृत किया जाएगा। टीसीएस रूरल आईटी क्विज़ के भाग्यशाली राष्ट्रीय विजेता को 1,00,000 रुपयों की टीसीएस एजुकेशन स्कॉलरशिप और राष्ट्रीय उपविजेता को 50,000 रुपयों की स्कॉलरशिप से सम्मानित किया जाएगा। सभी रीजनल और राष्ट्रीय विजेताओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा।



# जैनिक सिनर ने जीता खिताब, फाइनल में टेलर फ्रिट्ज को दी शिकस्त

यूएस ओपन 2024

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने यूएस ओपन का खिताब जीता है।उन्होंने पुरुषों के एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को 6-3, 6-4, 7-5 से हरा दिया। वह यूएस ओपन को जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बने हैं।इसके साथ-साथ यह सिनर का इस साल दूसरा ग्रैंड स्लैम है। उन्होंने साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता था। सिनर ने अपने पहले मुकाबले में अमेरिका के मैकडोनाल्ड को 2-6, 6-2, 6-1, 6-2 से हराया था।इसके बाद अपने दूसरे मैच में उन्होंने अमेरिका के ही एलेक्स मिशेलसन को सीधे सेटों में हराया था।अपने तीसरे और चौथे मुकाबले में उन्होंने क्रमशः क्रिस्टोफर ओकोनेल और टॉमी पॉल पर आसान जीत दर्ज की थी।क्वार्टर फाइनल में उन्होंने डेनियल मेदवेदेव को 6-2. 1-6, 6-1, 6-4 से और सेमीफाइनल में जैक ड्रेपर को 7-5. 7-6, 6-2 से शिकस्त दी थी। सिनर के लिए यह साल शानदार बीता है। 2 ग्रैंड स्लैम जीतने के अलावा वह कुछ और प्रमुख खिताब भी जीत चुके हैं।मार्च 2024 में उन्होंने मियामी ओपन का खिताब जीता था। फाइनल में उन्होंने बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-3, 6-1 से हराया था।इसके बाद अगस्त 2024 में सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में उन्होंने फ्रांसेस टियाफो को 7-6(4), 6-2 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था। सिनर ने ये खिताब जीतने के बाद सोशल मीडिया पर भी खुशी व्यक्त की है।उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, दो हफ्तों के शानदार प्रदर्शन के बाद अपना दूसरा स्लैम खिताब जीतना अविश्वसनीय है। आप सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद। मुझे यह खेल बहुत पसंद है और यह मेरे लिए सब कुछ है। साल के अंत में अपनी टीम और अपने परिवार के साथ इस पल का आनंद लेने का समय आ गया है।

## पैरालंपिक में भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन विशेष और ऐतिहासिक : मोदी


**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत के लिए पेरिस पैरालंपिक काफी ऐतिहासिक रहा। देश के पैरा-एथलीटों ने कुल 29 मेडल अपने नाम किए। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एथलीटों की सराहना की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पैरा-एथलीटों के खेल के प्रति समर्पण और अदम्य साहस की प्रशंसा की। उन्होने लिखा, पैरा ओलंपिक 2024 विशेष और ऐतिहासिक रहा है। भारत बहुत खुश है कि हमारे अविश्वसनीय पैरा-एथलीटों ने 29 पदक जीते हैं, जो खेलों में भारत की शुरुआत के बाद से अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है।



यह उपलब्धि हमारे एथलीटों के अटूट समर्पण और अदम्य साहस के कारण है। उनके खेल प्रदर्शन ने हमें याद करने के लिए कई पल दिए हैं और कई आने वाले एथलीटों को प्रेरित किया है। पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों का रविवार शाम को समापन हो गया। स्टेड डी फ्रांस में समापन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें लगभग 64,000 दर्शकों और 8,500 से अधिक एथलीटों संग उनके स्टाफ ने भाग लिया। 11 दिनों की प्रतियोगिता के बाद, भारतीय पैरा-एथलीटों ने पेरिस पैरालिंपिक में 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक जीते। पैरालंपिक में भारत का पहला पदक 1972 के खेलों में आया था, जिसमें मुरलीकांत पेटकर ने तैराकी में स्वर्ण पदक जीता था। 2024 खेलों से पहले, भारत ने 12 पैरालंपिक खेलों में 31 पदक जीते थे।

## केएल राहुल ने आरसीबी के लिए खेलने का बना लिया है मन? इंस्टा पोस्ट से मिला हिंट

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** केएल राहुल इस वक्त दलीप ट्रॉफी में कप्तानी कर रहे हैं, जहां पहले मैच में उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा. लेकिन, इस मैच के खत्म होने के बाद केएल ने सोशल मीडिया पर एक ऐसा पोस्ट शेयर किया है, जिससे कयास लगने लगे हैं कि केएल आईपीएल में आरसीबी की ओर से खेलने के बारे में सोच रहे हैं. चिन्नास्वामी में खेले गए मुकाबले के खत्म होने के बाद केएल राहुल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है. इन फोटोज में वह बल्लेबाजी करते दिख रहे थे. साथ ही उन्होंने एक कैप्शन भी लिखा, जिसमें उन्होंने बैंगलुरु के फैंस को शुक्रिया कहा. राहुल ने लिखा- सपोर्ट करने के लिए बैंगलुरु फैंस का शुक्रिया.



गौर करने वाली बात ये रही है कि इस दौरान राहुल ने बेंगलुरु को कन्नड़ भाषा में लिखा, जिसे फैंस आरसीबी के साथ जोड़ रहे हैं. आपको बता दें, पिछले काफी वक्त से खबरें आ रही हैं कि केएल आईपीएल 2025 में आरसीबी की ओर से खेलते नजर आ सकते हैं. हालांकि, अब तक इसपर राहुल और फ्रेंचाइजी किसी की भी ओर से कोई अपडेट नहीं आई है. दलीप ट्रॉफी में केएल राहुल इंडिया ए की ओर से खेल रहे हैं. जहां, पहली पारी में वह सस्ते में आउट हो गए, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने 121 गेंदों पर 57 रन बनाए, जिसमें उन्होंने 7 चौके लगाए. हालांकि, केएल राहुल की टीम को हार का सामना करना पड़ा, जिसकी कप्तानी शुभमन गिल कर रहे हैं. रविवार की रात बीसीसीआई ने बांग्लादेश के साथ खेले जाने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान कर दिया है. इस टेस्ट टीम में केएल राहुल को शामिल किया गया है. लेकिन, सवाल ये उठता है कि राहुल किस नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे, क्योंकि नंबर-5 पर खेलने के लिए सरफराज खान, केएल राहुल का विकल्प है.

## टाटा पावर ने छत्तीसगढ़ में 'घर-घर सोलर' पहल को दिया बढ़ावा, इसका मकसद राज्य में सौर क्षमता के दरवाजे खोलना है

**रायपुर।** भारत की जानी मानी रूफ्टॉप सोलर कंपनी टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) और इसकी पूर्ण अधिग्रहित सब्सिडियरी टाटा पावर सोलर सिस्टम्स लिमिटेड (टीपीएसएसएल) ने अपने पहल 'ग्घर घर सोलर, टाटा पावर के संग को छत्तीसगढ़ में शुरू किया है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश और केरल में मिली अपार सफलता के बाद अब छत्तीसगढ़ में यह अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य राज्य के सभी घरों तक स्वच्छ ऊर्जा पहुंचना है। जिससे पूरे भारत में सस्टेनेबल ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देने की टाटा पावर की प्रतिबद्धता साफझलकती है।

इस कार्यक्रम को रायपुर में लॉन्च किया गाया जिसमें टाटा पावर कंपनी लिमिटेड के सीईओ और एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा मौजूद थे। साथ ही टाटा पावर रिन्यूएबल




एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री दीपेश नंदा, कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों और सम्मानित चैनल पार्टनर्स के साथ उपस्थित थे। यह पहल राज्य के सभी 33 जिलों को कवर करेगी और नौ चैनल पार्टनर्स इसको अपना सपोर्ट देगें जिनमें फीनिक्स सोलर भट्ट एंटरप्राइजेज, श्रेई इंटरनेशनल आनंद ट्रेडर्स वीएसपी एंटरप्राइजेज, इलेक्ट्रोमेक डिवाइसेज एमएफजी, स्वास्तिक सोलर, फाइन वाइब्स सर्विसेज और लवली बैटरी हाउस आदि छत पर सौर समाधान देने की जिम्मेदारी निभाएंगे। घर-घर सोलर, टाटा पावर के संग' पहल के लॉन्च के अवसर पर रिटेल पार्टनर्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही इसमें सीईओ और एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने भाषण भी दिया जिसमें उन्होंने रिन्यूएबल ऊर्जा क्षेत्र में टाटा पावर के विस्तार के अवसरों पर प्रकाश डाला। घर घर सोलर' पहल बेहतरीन रूफ्टॉप सोलर सॉल्यूशंस (आरटीएस) को अपनाने को बढ़ावा देती है, जिससे महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ मिलता है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत निवासी 1 किलोवाट के लिए ?30,000 तक, 2 किलोवाट के लिए 60,000 तक और 3 से 10 किलोवाट सिस्टम के लिए 78,000 तक की केंद्र सरकार सब्सिडी ले सकते हैं। इन सब्सिडी का उद्देश्य सोलर ऊर्जा इंस्टालेशन को सभी के पहुंच में पहुंचाना और किफायती बनाना है, जिससे हर घर बिना किसी वित्तीय बोझ के रिन्यूएबल एनर्जी को अपना सके। इच्छुक ग्राहक इंस्टालेशन करने या इस पहल के लाभों के बारे में अधिक जानकारी के लिए टाटा पावर सोलर हेल्पलाइन 1800 25 77777 पर संपर्क कर सकते हैं।

## बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम घोषित ऋषभ पंत की हुई वापसी

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान किया गया है।रोहित शर्मा की कप्तानी वाली 16 सदस्यीय टीम में केएल राहुल और ऋषभ पंत की वापसी हुई है।बता दें कि पंत लगभग 21 महीने बाद टेस्ट में खेलने के लिए तैयार हैं।इनके अलावा तेज गेंदबाज यश दयाल को भी टीम में मौका मिला है। बांग्लादेशी टीम 19 सितंबर से चेन्नई में सीरीज का पहला टेस्ट खेलेगी। इसके बाद 27 सितंबर से कानपुर में सीरीज का दूसरा और आखिरी टेस्ट खेला जाना है।पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और यश दयाल। स साल की शुरुआत में इंग्लैंड सीरीज के दौरान डेब्यू करने वाले आकाश दीप टीम में अपनी जगह पक्की करने में कामयाब रहे हैं।उन्होंने इंडिया-ए के लिए इंडिया-बी के खिलाफ दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में कुल 9 विकेट लिए।इस बीच राहुल और पंत दोनों ने दलीप ट्रॉफी मुकाबले में अर्धशतक बनाए।



## बंधन म्यूचुअल फंड ने नया बंधन बिजनेस साइकिल फंड लॉन्च किया

**रायपुर।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन बिजनेस साइकिल फंड के लॉन्च की घोषणा की, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो बिजनेस साइकिल-आधारित निवेश थीम पर आधारित है। यह फंड इकोनॉमिकल साइकिल के विभिन्न चरणों- विस्तार, पीक (शिखर), कंट्रेक्शन (संकुचन) और मंदी के अनुसार सेक्टर आवंटन को प्रभावशाली तौर पर एडजस्ट करता है, जिसका उद्देश्य ग्रोथ के मौकों को पकड़ना और अलग-अलग बाजार स्थितियों में जोखिमों का प्रबंधन करना है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) मंगलवार, 10 सितंबर 2024 को निवेश के लिए खुलेगा और मंगलवार, 24 सितंबर 2024 को बंद होगा। बंधन बिजनेस साइकिल फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, फाइनेंशियल एडवाइजर्स, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या सीधे के माध्यम से किया जा सकता है। इस नए फंड के लॉन्च के मौके पर श्री विशाल कपूर, सीईओ, बंधन एएमसी ने कहा कि बंधन बिजनेस साइकिल फंड 360 डिग्री दृष्टिकोण अपनाता है, उभरते अवसरों को पकड़ने के लिए आर्थिक चक्रों, इक्विटी बाजार के रुझानों और सेक्टर की गतिशीलता का उपयोग करता है। फंड को पोर्टफोलियो विविधीकरण को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है और इसका उद्देश्य बाजार की स्थितियों के आधार पर सेक्टर आवंटन को एडजस्ट करके आर्थिक उतार-चढ़ाव से जुड़े जोखिमों का प्रबंधन करते हुए रिटर्न को अधिकतम करना है। बंधन बिजनेस साइकिल फंड उन निवेशकों के लिए आदर्श है, जिनके पास लॉन्गटर्म निवेश दायरे और हाई रिस्क लेने की क्षमता है, जो सेक्टर-रोटेशन रणनीति के साथ अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाना चाहते हैं, जो इकोनॉमिक साइकिल का लाभ उठाकर रिटर्न बढ़ा सकते हैं। बिजनेस साइकिल इकोनॉमिक ग्रोथ के प्राकृतिक उतार-चढ़ाव को दर्शाते हैं, जिसमें प्रत्येक चरण अलग-अलग क्षेत्रों को अनोखे तरीके से प्रभावित करता है। उदाहरण के लिए, फाइनेंशियल और रियल एस्टेट विस्तार के चरणों के दौरान बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं, जबकि कंज्यूमर उत्पाद और यूटिलिटी सर्विसेज बाजार में सिकुड़न के दौरान अधिक लचीली होती हैं। टॉप-डाउन सेक्टर चयन दृष्टिकोण के साथ, फंड का लक्ष्य निफ्टी 500 इंडेक्स में वेटेज के हिसाब से टॉप 5 सेक्टरों में से कम से कम 3 में पर्याप्त बदलाव करना है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि :- 19.09.2024

| स. क्र. | नि.आ.सू.क्र./ नि.आ.सू. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1 | 18/2024-25 दिनांक 05.09.2024 | 158320 (प्रथम आमंत्रण) | जिला दन्तेवाड़ा में जिला परिवहन कार्यालय भवन निर्माण कार्य विद्युतीकरण, बाउण्ड्रीवॉल एवं सी.सी. सड़क सहित की निविदा | 187.059 |
| 2 | 19/2024-25 दिनांक 05.09.2024 | 158321 (प्रथम आमंत्रण) | जिला सुकमा में न्यायिक कर्मचारियों हेतु 03 नग ''जी-टाईप'' 05 नग ''एच-टाईप'' एवं 03 नग ''आई-टाईप'' स्टाप क्वार्टर का निर्माण, बाउण्ड्रीवॉल, टुयूब-वेल एवं विद्युतीकरण कार्य सहित निर्माण कार्य की निविदा. | 131.27 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है.

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर

G-242502334/1

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, बुधवार 11 सितंबर 2024

## बस्तर अंचल में चल रहे राहत कार्यों में आई तेजी

**रायपुर (विसं)।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के निर्देश के परिपालन में बस्तर अंचल के नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले में चल रहे राहत कार्य में तेजी आई है। गौरतलब है कि विगत दिनों नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले में अति वर्षा के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों के घरों में जलभराव तथा किसानों की फसल को नुकसान हुआ था। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने इन तीनों जिले के कलेक्टर को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे।



# संक्षिप्त समाचार

## श्री पद्मप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर लाभांडी में उत्तम आर्जव धर्म की पूजा-अर्चना बड़े ही भक्तिभाव से सम्पन्न



**लाभांडी ( विश्व परिवार )।** श्री पद्मप्रभ भक्त परिवार के श्री विनोद बड़जात्या व बिपिन क्षेत्रपाल्या ने विज्ञप्ति द्वारा बताया कि दिनांक 8 सितम्बर को प्रात: मन्दिरजी मे श्री पदमचंदजी जितेंद्र गदिया परिवार के द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात पर्युषण पर्व प्रारम्भ हुआ, प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म व द्वितीय दिन उत्तम मारदव धर्म की पूजा अर्चना व विधान किया गया, पर्युषण के तृतीय दिवस उत्तम आर्जव के दिन आज प्रात: मंदिर के मुलनायक1008 भगवान श्री पद्मप्रभ जी की विशाल व मनोहारी मूरत पर मन्त्रोंचार के माध्यम से उपस्थित श्रावकों ने प्रक्षाल संपन्न किया गया, उसके पश्चात भगवान 1008 श्री चंद्रप्रभ जी को विधि पूर्वक पाण्डुकशीला मे विराजमान कर अभिषेक किया गया, प्रथम कलश व इस्टे मनोरथ कलश करने के पश्चात इद्रों के रूप मे श्री मनोज बड़जात्या, श्री संजय जैन साइंटिस्ट, श्री चक्रेश जैन एवं डॉ निखिल जैन एवं प्रदीप जैन विश्व शांति की कामना से बीजाक्षरों के साथ वृहद शांतिधारा संपन्न की, भगवान का परिमार्जन कर पुन: वेदी मे विराजमान किया गया, श्रीजी व आचार्य श्री विद्यासागर जी की आरती की गयी, उसके बाद उत्तम आर्जव धर्म पर प्रवचन हुआ, उत्तम आर्जव धर्म की व्याख्या की गयी, उसके बाद देव शास्त्र गुरु, चौबीस तीर्थंकर भगवान, सोलह कारण, पंचमेरु, दस लक्षण धर्म उत्तम आर्जव की पूजा की गयी, स्वयंभू स्त्रोत का पठन किया गया फिर शांति पाठ के विसर्जन किया गया। श्री पद्मप्रभ भक्त परिवार के अरविन्द पहाड़िया ने बताया की प्रतिदिन संध्या काल मे मंदिर जी मे आरती, भजन व धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते है।

## कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर निगम कमिश्नर ने जलभराव क्षेत्र का किया निरीक्षण

**राजस्व अधिकारियों को विशेष नजर रखने और राहत-बचाव कार्य करने के निर्देश**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रायपुर में लगातार बारिश की वजह से निचली बस्तियों और वार्डों में जलभराव से बचाव और राहत कार्य करने के निर्देश दिए है। नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज विभिन्न वार्डों में पहुंचकर जलभराव से निपटने के निर्देश दिए और सतत मॉनीटरिंग करने अधिकारियों को कहा है। राजस्व अधिकारियों को भी चिहिन्त जलभराव क्षेत्र पर विशेष नजर बनाए रखने के निर्देश दिए है। राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों का दौरा कर जलभराव से निपटने के कारगर कदम उठा रहे है और मौके पर पहुंचकर व्यवस्था को बेहतर बनाने का उचित कार्य कर रहे है। उल्लेखनीय है कि पानी की निकासी के लिए नालों एवं नालियों को साफ रखने के निर्देश दिए है, ताकि बारिश से जलभराव की स्थिति उत्पनन न हो। साथ ही स्वच्छता का ध्यान रखने को कहा है।

## काया की कीमत आत्मा से है शरीर से नहीं : श्रीमती स्नेहलता जी जैन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पर्यूषण पर्व के अवसर पर श्री दिगंबर जैन मंदिर शंकर नगर में जबलपुर से पधारी विदुषी श्रीमती स्नेहलता जैन ने



आज उत्तम आर्जव धर्म के दिन सोलहकारण भावनाओं का अर्थ समझाते हुए बताया कि जिस प्रकार सिंह मृग को पकड़ लेता है उसी प्रकार काल रुपी यमराज आत्मा को पकड़ लेता है, यदि हम अपने जीवन में हम कोई असाध्य रोग से ग्रसित हो जाए और हमें लगता है कि हम अब नहीं बचेंगे तो हमें आत्मा की शरण में चले जाना चाहिए, गुरूओ की शरण में चले जाना चाहिए समाधि ले लेना चाहिए क्योंकि काया की कीमत आत्मा से है शरीर से नहीं, आत्मा अलग है शरीर अलग है यह श्रद्धान हमेशा रहना चाहिए, आत्म कल्याण ही हमारे जीवन का उद्देश्य होना चाहिए, कोई भी जीव कभी मरना नहीं चाहता केवल नारकियो को छोड़कर क्योंकि सिर्फ नारकी ही हैं जो पल पल मरण को प्राप्त होते हैं परंतु मरते नहीं, इस संसार में सच्चे देव शास्त्र गुरु ही हमारी शरण हैं अन्य की शरण संसार भ्रमण का कारण है। प्रवचन सभा लाभ सभी उपस्थिति धर्म प्रेमी बंधुओं ने लिया।

## मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत मिली राशि से हार्ट की हुई सफलतापूर्वक सर्जरी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में बालोद जिले के दल्लीराजरा निवासी श्री रामविलास पाठक को नया जीवन



मिला है। श्री पाठक को इस वर्ष जून माह की शुरूआत में अचानक से हार्ट अटैक आया। आनन-फानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया जहाँ डाक्टरों द्वारा उन्हें हार्ट अटैक के बेहतर इलाज हेतु रायपुर स्थित एम्स में रिफर किया गया। एम्स में उनके स्वास्थ्य जाँच के पश्चात् डाक्टरों ने उनके हार्ट की सर्जरी कराने तथा सर्जरी में लगभग 05 लाख रुपये खर्च आने की बात कही गई। श्री रामविलास पाठक के पुत्र श्री रजनीश कुमार ने बताया कि हम सभी संयुक्त परिवार में रहते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। हार्ट सर्जरी की लागत लगभग 05 लाख रुपये आने की जानकारी मिलने पर हम पिताजी की सर्जरी का खर्च वहन नही कर सकते थे। हमारे परिवार ने उम्मीद छोड़ दी थी, कि अब कभी हमारे पिताजी स्वस्थ्य हो पाएंगे।

# एससी-एसटी वर्ग के लोगो को संवेदनशीलता के साथ शासन की योजनाओं से करें लभान्वित : मंत्री रामविचार नेताम

### बजट प्रावधान के अनुरूप हो विकास एवं निर्माण के काम, आदिवासी उप-योजना एवं अनुसूचित जाति उप-योजना के कार्यो की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम में आज नवा रायपुर स्थित मंत्रालय भवन महानदी में सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर आदिवासी उप-योजना एवं अनुसूचित जाति उप-योजना मद से स्वीकृत कार्यो की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की गहन समीक्षा की। मंत्री नेताम ने कहा कि सरकार के मंशानुरूप अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा इन वर्गो के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इन वर्गो की भलाई और अनुसूचित जनजाति उप-योजना क्षेत्रों के विकास के लिए पर्याप्त बजट दिया जाता है। बजट के प्रावधान के अनुरूप विकास एवं निर्माण कार्यो को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा कराना हम सब की जिम्मेदारी है।

मंत्री नेताम ने उप-योजना क्षेत्रों में कतिपय कारणों से कहीं-कहीं अधूरे अथवा लंबित निर्माण एवं विकास के कार्यो को लेकर चिंता जताई और कहा कि यह

**स्वीकृत कार्यों को समय-सीमा में पूरा कराएं, ताकि लोगों को उसका लाभ मिले**

स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को उप-योजना क्षेत्रों के विकास के लिए स्वीकृत सभी कार्यो को तेजी से पूरा कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का 65 प्रतिशत क्षेत्र अनुसूचित जनजाति उप-योजना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। राज्य के 1100 से अधिक गांव अनुसूचित जाति बाहुल्य तथा 4000 से अधिक गांव अनुसूचित जनजाति बाहुल्य वाले है। इन क्षेत्रों तथा यहां के लोगों के उत्थान के लिए बीते 3 सालों में लगभग एक लाख

**टीएसपी, डीएमएफ, सीएसआर, प्राधिकरण मद से गैप फिलिंग के काम को प्राथमिकता दें**

करोड़ रूपये का बजट उपलब्ध कराया गया है। समय सीमा में बजट का शतप्रतिशत उपयोग हो और इसका लाभ उन लोगों को मिले जिसके लिए यह राशि प्रावधानित है। मंत्री नेताम ने उप-योजना क्षेत्रों में विकास एवं निर्माण के कार्यो की सतत् मानिटरिंग एवं समीक्षा के निर्देश भी अधिकारियों को दिये।

मंत्री नेताम ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत 2047 के संकल्प के अनुरूप विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना की गई है। इसको साकार करने के लिए अनुसूचित जाति, जनजाति एवं कमजोर वर्ग के लोगों का उत्थान तथा अनुसूचित जनजाति उप-योजना क्षेत्र का समग्र विकास जरूरी है। उन्होंने विकास विभाग के अधिकारियों को जनसंख्या के अनुपात में बजट में राशि का प्रावधान किये जाने की बात कही।

प्रमुख सचिव आदिमजाति कल्याण विभाग सोनमणि बोरा ने सभी विकास विभाग के अधिकारियों को उप योजना क्षेत्रों के विकास के लिए कार्य योजना बनाते समय इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखने के निर्देश दिये कि, जो भी काम उप-योजना मद के तहत प्रस्तावित किये जाये वह लोगों के लिए लाभाकारी और उपयोगी हो। उन्होंने अधिकारियों को नवाचार तथा जनकल्याण के लिए नवीन योजनाओं का प्रस्ताव देने को कहा ताकि उसे बजट में शामिल किया जा सके। बैठक में उप-योजना मद से विभागों को प्रदत्त आबंटन तथा स्वीकृत कार्यो की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की गई।

## दीर्घ जीवन का राज है मृदुता : पं. नितिन जैन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिगम्बर जैन समाज के दषलक्षण महापर्व उल्लासपुर्वक श्री दिगम्बर जैन खंडेलवाल मंदिर जी, सन्मति नगर, फाफाडीह, रायपुर में मनाए जा रहे हैं। प्रतिदिन प्रात:काल से ही भक्तों का मंदिर जी में आना प्रारंभ हो जाता है। प्रात:काल अभिशेक षांतिधारा से लेकर पर्व पूजाओं तक सभी साधर्मी बंधुजन पूर्ण लाभ ले रहे हैं।

समिति के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या ने बताया के तृतीय दिवस उत्तम आर्जव धर्म के अवसर पर मूलनायक महावीर भगवान की वेदी पर षांतिधारा करने का सौभाग्य श्री कन्हैयालाल जी विमल कुमार जी, संजय कुमार जी, विजय कुमार जी, रोहति, पुलकित, आर्जव गंगवाल परिवार को प्राप्त हुआ। प्रथम तल में भगवान पार्ष्वनाथ की वेदी पर यह सौभाग्य श्री विजय कुमार जी जैन, कुंरावाले परिवार को प्राप्त हुआ। भगवान मुनिसुव्रतनाथ की वेदी पर षांतिधारा श्री अरविंद जी अजय जी चिराग जी पहाड़िया परिवार द्वारा की गई।

प्रतिदिन प्रात:कालीन पर्व पूजाएं श्रावकगण भक्ति भाव से कर रहे हैं। संध्या समय श्रीमती उशा लोहाड़िया एवं श्रीमती वर्शा सेठी के निर्देषन में श्रावक प्रतिक्रमण कराया जा रहा है। उत्तम मार्दव धर्म के दिन, संध्या समय षास्त्र सभा में स्थानीय विद्वान पं. नितिन जैन 'निमित्त' ने बताया कि मार्दव धर्म का अर्थ है मृदुता यानि कोमलता। चाहे स्वभाव की हो या वाणी की कोमलता जीवन में उच्च स्थान को पाने में सहायक होती है। जो जितना मृदु होता है, जितना अधिक झुकता है उतना ही अधिक पाता भी है। नदी के प्रवाह में हल्की घास प्रवाह की दिषा में झुक जाती है और अपना अस्तित्व बचा लेती है, वहीं दूसरी तरफ बड़े बड़े वृक्ष जो अपनी मजबूती पर घमण्ड करते हैं जल के प्रवाह में बह जाते हैं।

जीवन में कुछ भी पाने के लिये झुकना आवष्यक है। घमण्डी व्यक्ति सामने तो प्रषंसा पा सकता है पर पीठ पीछे लोग उसकी बुराई ही करते हैं। वास्तविक सम्मान तो वो होता है जो सामने और पीठ पीछे एक समान प्राप्त हो। कुंए से जब जल निकालना होता है तब स्वयं व्यक्ति को भी झुकना पड़ता है और बाल्टी को भी। बाल्टी जब झुकती है तो जल भरकर लाती है। उसी जल से अनेक प्राणियों की प्यास बुझती है। इसी प्रकार प्रभु चरणों में जो व्यक्ति समर्पित होता है, नतमस्तक हो जाता है वह अपना तो कल्याण करता ही है साथ ही अनेक प्राणियों के कल्याण का कारण बनता है। पंडित जी ने आगे बताया कि दीर्घ जीवन का रहस्य है कोमलता या मृदुता। मुंह में जीभ पहले आती है और मृत्यु तक साथ रहती है जबकि दांत आते बाद में हैं और टूट भी जल्दी जाते हैं। इसका कारण दोनों का स्वभाव है। जीभ नरम रही तो अधिक समय तक साथ रही, दांत कठोर हो गए तो असमय ही चले गए। इसलिये जीवन में उच्चता को प्राप्त करने के लिये झुकना सीखना होगा। जो जितना झुकेगा उतना ही ऊपर जाएगा। घमण्ड का त्याग करें और मृदुता, विनम्रता को अपनाएं यही सच्चा मार्दव धर्म है।

## आत्मा के अनुरंजन का पर्व है पर्यूषण : बाल ब्रह्मचारी अरूण भैया जी

**दशलक्षण पर्व पर तपस्या के साथ धर्म की हो रही प्रभावना**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आत्मा के कल्याण के लिए दस लक्षणों पर आधारित दस धर्मों के आधार पर तप, साधना दिगंबर जैन समाज के द्वारा की जा रही है। डी डी नगर स्थित श्री 1008 वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर में भी पर्वाधिराज पर्यूषण के अवसर पर एक ओर जैन श्रावक अपनी तपस्या की चरम अवस्था को प्राप्त कर जीवन को मोक्षमार्ग के लिए प्रशस्त कर रहे हैं वहीं रात्रिकालिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों, युवाओं और समाज को धर्म के मार्ग से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। बाल ब्रह्मचारी अरूण भैया जी ने उत्तम मार्दव धर्म के माध्यम से प्रवचन संध्या में कहा कि मानव क्षमा तो करने का प्रयास कर सकता है लेकिन किसी की प्रशंसा करने से, किसी के कटु वचन बोलने से अप्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता है। आज पद, रूप, ज्ञान, तप, कुल, जाति सहित 8 प्रकार के मदों से प्रभावित होकर वह अहंकार करता है और पर्व के दौरान इससे बचने के लिए स्वयं को तैयार करना चाहिए। दशलक्षण का यह पर्व मनोरंजन का नहीं आत्मा के अनुरंजन का पर्व है। संध्याकालीन प्रतियोगिता का आयोजन श्री दिगंबर जैन आदिश्वर महिला मंडल द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में बच्चों के लिए फैंसी डेऊस प्रतियोगिता हुई। जिसकी आयोजक राजुल जैन व प्रतिभा जैन थी। जिसमें 2 वर्ष से लेकर 11 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया। जैन धर्म से जुड़ी परंपराओं, प्रसंगों व कथाओं की मनोहारी प्रस्तुतियां बच्चों ने बहुत उत्साह के साथ दीं। बच्चों ने मां जिनवाणी, जैन धर्म, हेल्दी फूड जंक फूड, न्यूज पेपर, जैन श्रावक, दशलक्षण धर्म, शास्त्री जी, कृष्ण, पूजा की थाली, नरक गति का जीव, आर. ओ. वॉटर, अंजन चोर, चंदन बाला, दीवान अमरचंद जैसे किरदारों को मासुमियत के साथ बहुत दृढ़ता से पेशकर दर्शकों का मनमोह लिया। प्रस्तुति देने वाले बाल कलाकारों में आर्यश, वेदांश, वीर, इवांश, वेदिका, अविचल, अयांश, अयांश आशीष जैन, अनव, शौर्य, अविरल, जियांशी, अरहान शामिल थे। बाल कलाकारों को परखने वाले निर्णायक मंडल में विकास जैन, शैलेंद्र संघी व निधी जैन थीं। सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को वुमनिया ग्रुप द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## सी.एस.आर. योजना के तहत् प्रायोजित कौशल प्रशिक्षण का समापन समारोह





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), रायपुर में साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (SECL), बिलासपुर द्वारा प्रायोजित छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश राज्य से एसईसीएल खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे है। इसी तारतम्य में सिपेट, रायपुर में 06 माह का मशीन ऑपरेटर इंजेक्शन मोल्डिंग एवं मशीन ऑपरेटर प्लास्टिक्स एक्टूजन कोर्स में प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसका समापन समारोह दिनांक 10.09.2024 को आयोजन डॉ. आलोक साहू, प्रधान निदेशक एवं प्रमुख सिपेट, रायपुर की उपस्थिति में किया गया।

प्रधान निदेशक एवं प्रमुख सिपेट, रायपुर द्वारा अपने संबोधन में बताया गया कि भारत के विकास में एवं औद्योगिक तरक्की में कौशल विकास का कितना महत्वपूर्ण योगदान है। प्रशिक्षणार्थियों को अग्रणी एवं सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया। सिपेट द्वारा अनुवरत रूप से प्रदान किये जा रहे प्रशिक्षण तथा एसईसीएल के समाज के विकास में योगदान की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। डॉ. आलोक साहू द्वारा संबोधित करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को उनकी सफलता एवं नियोजन पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

समारोह के अंत में सिपेट, रायपुर के उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के साथ-साथ मेसर्स शिवालिक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड, भिलाई, मेसर्स अपेक्सस्किल सर्विसे प्राईवेट लिमिटेड, बालेश्वर, ओड़िसा, मेसर्स वीफॉर्म टेक्नोपैक प्राईवेट लिमिटेड, बम्बई, महाराष्ट्र, मेसर्स अभिजीत टेक्नो - प्लास्ट (इंडिया) प्रा. लिमिटेड, नासिक, मेसर्स जॉली कंटेनर लिमिटेड, सतारा, महाराष्ट्र एवं मेसर्स जे.जे. प्लास्टलॉय प्राईवेट लिमिटेड, गुजरात में नियोजन के प्रस्ताव पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में सिपेट, रायपुर से श्री नीतेश जैन, प्रशिक्षण प्रभारी, श्री मनोज कुमार राजपूत, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, पाठ्यक्रम प्रभारी श्री प्रितम चक्रधारी तथा श्री नीरज सार्वा एवं श्री विनय कुमार, सहित सिपेट के सभी कार्मिकगण उपस्थित रहे।

## एएम/एनएस इंडिया द्वारा फुलपाड़ में एकीकृत जल आपूर्ति एवं सामुदायिक स्नानघर का उद्घाटन



**दंतेवाड़ा ( विश्व परिवार )।** एएम/एनएस इंडिया द्वारा गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर दंतेवाड़ा जिले के ग्राम फुलपाड़ में एकीकृत जल आपूर्ति एवं सामुदायिक स्नानघर का उद्घाटन किया गया। जिसका प्रबंधन गांव की महिला स्व सहायता समूह द्वारा किया जाएगा। यह कंपनी की सीएसआर पहल निर्माण और उज्ज्वला परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को सशक्त करने के उद्देश्य से किया गया है। जिससे ग्रामीण समुदाय, विशेष रूप से महिलाओं और लड़कियों को बेहतर स्वच्छता और सुरक्षा प्रदान किया जा सके।

कम्पनी द्वारा इस निर्मित भवन में 24म7 पेयजल सुविधा, स्वच्छ बाथरूम, सोलर हाई मास्ट लाइट और सोलर पावर्ड वाटर सप्लाई जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन सुविधाओं का उद्देश्य गांव के लोगों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण देना है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके।

इस प्रोजेक्ट के तहत, फुलपाड़ में अन्य 6 स्थानों पर भी समान सुविधाओं का निर्माण किया जा रहा है।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता पंचायत सचिव- समर सिंह ठाकुर, एसएचजी अध्यक्ष- श्रीमती जोगी वेट्टी, और एएम/एनएस इंडिया के जीएम श्री वाई राघवलु द्वारा किया गया।

इसके अलावा सीएसआर टीम तेज प्रकाश शर्मा, श्री राजगोपाल दातला और श्री नवीन अमंग ने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पंचायत सचिव समर सिंह ठाकुर ने एएम/एनएस इंडिया के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि- यह ब्लॉक में अपनी तरह की पहली ऐसी परियोजना है जहां सभी सुविधाएं एकीकृत है, और एक ही स्थान पर प्रदान की जा रही है। साथ ही उन्होंने महिलाओं एवं ग्रामीणों को सलाह देते हुए कहा कि वे पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करें और गांव के युवाओं और महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से बुनियादी सुविधाओं का उचित प्रबंधन करें।

एएम/एनएस इंडिया के इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक संरचना को बेहतर बनाना और स्थानीय समुदाय के जीवन स्तर में सुधार करना है।जिससे ग्रामीण समुदाय, विशेष रूप से महिलाओं और लड़कियों को बेहतर स्वच्छता और सुरक्षा प्रदान किया जा सके।

## आबकारी विभाग ने की बड़ी कार्रवाई, 40 पेटी नकली शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में विगत मंगलवार को आबकारी विभाग ने बड़ी कार्यवाही। नकली शराब की तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए 40 पेटी नकली गोवा शराब जप्त की गई है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा नशे के विरुद्ध एक्शन मोड़ में नज़र आ रही है। पुलिस ने मोतीलाल साहू और युवराज साहू को गिरफ्तार किया है। साथ ही बताया जा रहा है कि आबकारी विभाग की टीम दोनों से कड़ी पूछताछ कर रही है। ज्ञात हो कि साय सरकार ने अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने राज्य की जांच एजेंसियों को निर्देश दिए है, जिसके बाद से राज्य के बॉर्डर में चेकिंग टीम अलर्ट पर है और लगातार कार्रवाई कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार डिप्टी कमिश्नर ने चार-पांच दिनों तक छद्म नंबर से ग्राहक बनकर तस्करों से बातचीत की। इसके बाद गोपनीय ढंग से कार्रवाई को अंजाम दिया। उन्होंने शराब तस्करी करते मोतीलाल साहू की चार पहिया वाहन मारुती वैगन आर को पकड़ा, जिसमें बिना होलोग्राम वाली 40 पेटी नकली गोवा शराब बरामद की। इस तरह एक अन्य आरोपी युवराज साहू की चार पहिया वाहन अशोक लीलैंड पिकअप में देसी शराब निर्माण में प्रयुक्त 300 लीटर या स्प्रिट बिना होलोग्राम वाली 12 पेटी नकली गोवा शराब जब्त की। इसके बाद दोनों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण कायम कर जेल दाखिल करने की कार्रवाई की गई।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354